Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -46 शुक्रवार,16 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

अतीत से शिक्षा,वर्तमान से सतर्कता और भविष्य के प्रति सजग होकर चेतना के साथ किया गया कार्य असफल हो ही नहीं सकता।

-पाईथागोरस-

# ये कैसी शराबबंदी है बिहार की

**बिहार में भले शराबबंदी है लेकिन एक जिले के बीते 7 माह के आंकड़े इसे झुठलाते हैं। साफ है व्यवस्था बस कागजों तक सीमित है।**

**» मात्र एक जिले में 7 माह में 3453 शराबी गिरफ्तार,**

**» आधार से हो रही पियक्कड़ों की पहचान**

**आरा ,15 दिसंबर 2022(ए)।** बिहार में कहने को तो पूरी तरह से शराब बैन है, लेकिन इसके बावजूद शराब पीने और शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी को लेकर अब पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है और शराब पीते पकड़े जाने वाले आरोपितों को आधार कार्ड नंबर से चिह्नित कर रही है। प्रदेश के केवल एक जिले के सात माह के आंकड़े इसकी सच्चाई को बयां करने के लिए काफी हैं।

हाल ही में भोजपुर जिले में करीब 20 लोगों को दूसरी बार शराब पीने के आरोप में चिह्नित किया गया। नए संशोधित शराबबंदी कानून के तहत उन पर एक साल के लिए जेल भेजने के लिए न्यायालय में मामला चल रहा है। दूसरी ओर अवैध शराब तस्करों के साथ-साथ पुलिस तस्करी में इस्तेमाल किए जाने वाले गाड़ियों के मालिकों की भी कमर तोड़ने में जुट गई है।

करीब सात महीने के अंदर तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली करीब 450 गाड़ियां जब्त हुई हैं। जबकि, दो सौ गाड़ियों और 30 जमीन व घर के अधिग्रहण का प्रस्ताव जिलाधिकारी




के पास भेजा गया है। जब्त गाड़ियों में सर्वाधिक दुपहिया 300, तीन पहिया 100 व चार पहिया और भी ट्रक शामिल हैं।

**शराबियों और तस्करों पर दो-तरफा कार्रवाई**

प्रदेश में सख्ती के बावजूद बढ़ते शराब के मामले को लेकर जिला पुलिस और उत्पाद विभाग दोनों की तरफ से कार्रवाई चल रही है। एक अगस्त से उत्पाद विभाग ने एलटीएफ से गाड़ियों को हटाकर वापस कर लिया था। हालांकि, इसका प्रभाव जिला पुलिस पर नहीं दिख रहा है। एसपी संजय कुमार सिंह लगातार प्रयासरत हैं। इसी के साथ अक्टूबर और नवंबर महीने में सबसे ज्यादा मामले दर्ज और गिरफ्तारी की गई है।

दूसरी ओर, जिला उत्पाद विभाग ने भी अक्टूबर-नवंबर महीने में शराब पीने और बेचने वाले 796 लोगों को पकड़ा है। उत्पाद विभाग व जिला पुलिस ने करीब 20 लोगों को दूसरी बार शराब पीते पकड़ा है। जिनके खिलाफ एक साल के लिए जेल भेजने को लेकर सुनवाई चल रही है। नए कानून के तहत पहली बार शराब पीते हुए पकड़े जाने पर दो से छह हजार रुपये के जुर्माने का प्रवधान है।

वहीं दूसरी बार ऐसा पाए जाने पर सजा का नियम है। सहायक उत्पाद आयुक्त नीरज कुमार रंजन ने बताया कि नवंबर महीने में उत्पाद विभाग ने 545 लोगों को शराब पीते हुए पकड़ा, जबकि 122 को शराब की बिक्री करते हुए। वहीं दिसंबर महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो करीब सवा सौ अधिक शराब पीने वाले पकड़े गए, तो वहीं 50 से अधिक लोग इसक बिक्री में शामिल पाए गए।

## पंजाब में गिरफ्तार किया गया आईएसआई का जासूस



**चंडीगढ़ ,15 दिसंबर 2022(ए)।** आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने और जासूसी करने वालों के खिलाफ पंजाब पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पंजाब पुलिस को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस के लिए भारत में जासूसी करने के आरोप में चंडीगढ़ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक पंजाब के मोहाली स्टेट ऑपरेशन सेल के डीएसपी गुरचरण सिंह, इंस्पेक्टर मनप्रीत सिंह ने अपनी टीम के साथ लंबे वक्त तक चंडीगढ़ के रहने वाले त्रिपेंद्र सिंह (40) की निगरानी की। चंडीगढ़ के सेक्टर 40 से त्रिपेंद सिंह को गिरफ्तारी कर लिया गया। पंजाब पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक पकड़ा गया शख्स पिछले 4 साल से भारत और पंजाब के प्रमुख प्रतिष्ठानों, ठिकानों, संवेदनशील सरकारी इमारतों के नक्शे और तस्वीरें आईएसआई और सिख फॉर जस्टिस को भेजा करता था। उसने पंजाब पुलिस की इमारतों, दफ्तरों, पुलिस स्टेशनों के वीडियो बनाकर भी आईएसआई को भेजे थे। इसके बदले में त्रिपेंद्र को मोटी रकम मिलती थी। आरोपी को स्थानीय अदालत ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उसके पास से 2 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिसमें पाकिस्तान के दर्जनों नंबर्स मिले हैं।

## किशोरी पर एसिड अटैक मामले में महिला आयोग ने फ्लिपकार्ट,अमेजन को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली ,15 दिसंबर2022(ए)।** दिल्ली की किशोरी पर तेजाब से हमला करने के मामले में अब महिला आयोग हरकत में आया है। छात्रा पर हमले के बाद 'तेजाब की आसानी से उपलब्धता' को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने फ्लिपकार्ट, अमेजन को नोटिस भेजा है। पश्चिमी दिल्ली में बुधवार सुबह 17 वर्षीय किशोरी पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि पश्चिमी दिल्ली में अपने घर से स्कूल के लिए निकलने के कुछ मिनट बाद छात्रा पर मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश व्यक्तियों ने तेजाब फेंक दिया था। सफदरजंग अस्पताल के 'बर्न आईसीयू' में किशोरी का इलाज किया जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

### कंबल वितरण कार्यक्रम में भगदड़ मचने से तीन महिलाओं की हुई मौत




**कोलकाता ,15 दिसंबर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां, पश्चिम बर्धमान के आसनसोल में आज शाम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के कंबल वितरण कार्यक्रम में भीड़ उमड़ने से भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में तीन लोगों की मौत की खबर आमने आई है। बताया जा रहा है कि पांच अन्य घायल हो गए हैं। ये घटना उस समय हुई, जब शुभेंदु अधिकारी अपना भाषण खत्म कर कार्यक्रम स्थल से चले गए।

### जहरीली शराब से 38 लोगों की मौत पर बोले सीएम नीतीश-जो पिएगा,वो मरेगा




**छपरा ,15 दिसंबर 2022(ए)।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब पीने से 38 लोगों की मौत हो गई है जिसके बाद से ही नीतीश सरकार विपक्ष के निशाने पर है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराब को लेकर एक ऐसा बयान दिया है जिस पर हंगामा होना तय है। नीतीश कुमार ने विधानसभा में विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, जो नकली शराब पिएगा वह तो मरेगा ही, लोगों को खुद ही सचेत रहना होगा। नीतीश ने कहा कि कुछ लोगों का क्या कर सकते हैं। कुछ लोग गलती करते ही हैं। जो शराब पिएगा वो तो मरेगा ही।

### गैंगस्टर विकास लगरपुरिया को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली ,15 दिसंबर 2022(ए)।** गैंगस्टर विकास लगरपुरिया को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी है कि विकास लगरपुरिया को दुबई से भारत डिपोर्ट किया गया था। बीती देर रात हरियाणा पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उसे गिरफ्तार कर लिया। वह दिल्ली से सटे गुरुग्राम में 30 करोड़ की चोरी के केस में मास्टरमाइंड था।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**गाजियाबाद ,15 दिसंबर 2022(ए)।** गाजियाबाद में ट्रेन से टकराकर 3 लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो युवक एक युवती शामिल है।




प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग रील बनाने के लिए रेलवे ट्रैक पर गए थे। तेज गति से आती ट्रेन की चपेट में आकर तीनों की मौत हो गई। घटना गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लू गढ़ी रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक हुई।

**आय से अधिक संपत्ति के मामले में**

## एक आईएएस अधिकारी की 1.62 करोड़ रुपये की संपत्ति हुई जब्त

**नई दिल्ली ,15 दिसंबर-2022(ए)।** आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में केरल कैडर के एक पूर्व आईएएस अधिकारी की 1.62 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां और सावधि जमा धनशोधन रोधी कानून के तहत जब्त की गई है।

ईडी द्वारा जारी एक बयान में कहा, धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अधिकारी टीओ सूरज की संपत्तियों को जब्त करने का एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

ईडी के अनुसार कुर्क की गई संपत्तियों में केरल में स्थित खाली जमीन, सावधि जमा, बैंक बैलेंस और शेयरों में निवेश शामिल है, जो अधिकारी के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर है।

ईडी ने अपने बयान में यह भी कहा है कि सूरज 1980 में




वन विभाग में एक रेंजर के रूप में केरल सरकार की सेवा में शामिल हुए और बाद में उन्हें 1994 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से सम्मानित किया गया।


मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केरल के सतर्कता और भ्रष्टाचार-विरोधी ब्यूरो की ओर से दायर चार्जशीट से संबंधित है, जिसमें उन पर आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। ईडी के अनुसार, जांच में पाया गया कि सूरज ने अपनी पत्नी और बच्चों के नाम पर कई संपत्तियां और वाहन खरीदे थे।

एजेंसी ने यह भी कहा कि ÷जांच के दौरान यह भी पाया गया कि आरोपी ने अपने सहयोगी के नाम पर 'बेनामी' रूप में एक वाहन खरीदा था। टीओ सूरज ने अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर कई संपत्तियों को हासिल करने के लिए अवैध धन का इस्तेमाल किया।÷

## नीरव मोदी को यूके कोर्ट से मिला बड़ा झटका

**अब भारत आने की राह हुई और आसान**

**नई दिल्ली ,15 दिसंबर-2022(ए)।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को यूके के हाई कोर्ट से तगड़ा झटका मिला है। उसकी अपील को कोर्ट ने ठुकरा दिया है। इसके बाद वो प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ यूके के सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं कर सकेगा।



गुरुवार को ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट में उसके अनुरोध को खारिज करने का मतलब है कि उसको भारत लाने की राह अब और भी ज्यादा आसान हो गई है। पिछले हफ्ते ही भारतीय प्राधिकारियों ने ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति देने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका पर जवाब दिया था। भारत सरकार की ओर से ब्रिटिश अदालतों में सरकार की कानूनी लड़ाई लड़ रही क्राउन प्रोसीक्यूशन सर्विस ने 51 वर्षीय नीरव मोदी की अपील के खिलाफ अदालत में अपना जवाब दाखिल किया था।

**हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका**

हाईकोर्ट में अपील खारिज होने के बाद नीरव मोदी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता था। लेकिन इसमें पेंच यह है कि सुप्रीम कोर्ट में कोई अपील तभी की जा सकती है जब हाईकोर्ट यह कह दे कि मौजूदा केस आम लोगों के लिए अहम है। लेकिन आज की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने साफ कहा कि उसे नहीं लगता कि इस केस की कोई अहमियत लोगों के लिए है। अब वह यूरोपीयन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स के रूल 39 के तहत अपील दायर कर सकता है। इस नियम के तहत कोर्ट कुछ अंतरिम उपाय लागू करता है।

**नीरव मोदी ने कोर्ट में कहा उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं**

नीरव ने अपनी अपील में कहा था कि भारत की जेलों की हालत बदतर है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वो खुदकुशी जैसा कदम भी उठा सकता है अगर उसे भारत भेजा गया तो। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि उसकी हालत दुरुस्त है। ब्रिटेन हाई कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि आत्महत्या की प्रवृत्तियां दिखना प्रत्यर्पण से बचने का आधार नहीं बन सकता है।

## गरीब नवविवाहित जोड़ों को नौकरी भी देगी यूपी सरकार

**लखनऊ ,15 दिसंबर 2022(ए)।** गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले युवक-युवतियों के विवाह के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की गई है और इस योजना के तहत गरीब परिवार के युवकों और युवतियों का विवाह कराया जा रहा हैं। सामूहिक विवाह के बाद सरकार इन नवविवाहित जोड़ों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी व रोजगार देगी।

बलिया। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार नवविवाहित जोड़ों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी और रोजगार देगी। परिवहन राज्य





मंत्री दयाशंकर सिंह ने बुधवार को जिले के बांसडीह पीजी कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार के युवकों और युवतियों का विवाह कराया जा रहा हैं। सामूहिक विवाह के बाद सरकार इन नवविवाहित जोड़ों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी व रोजगार देगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आम लोगों को विकास के पथ पर अग्रसर करने के साथ ही उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न ब्लॉक के 506 जोड़े का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह हुआ। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं इलाके की विधायक केतकी सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार व आशीर्वाद देकर बधाई दी।

## सच्चाई सामने आ गई अब आंकड़े बताते हैं कि असली पप्पू कौन है:महुआ मोइत्रा

**नई दिल्ली ,15 दिसंबर 2022(ए)।** तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा आर्थिक संकेतकों और अर्थव्यवस्था को संभालने के सरकार के तौर-तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने फरवरी में लोगों को विश्वास दिलाया कि अर्थव्यवस्था बेहद अच्छी चल रही है, सबको गैस सिलेंडर, आवास और बिजली जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं।

बताईए अब असली पप्पू कौन ?÷ महुआ मोइत्रा मोइत्रा ने आगे कहा कि अब आठ महीने बाद सच्चाई सामने आ गई है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब पप्पू कौन है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि किसी को नीचा दिखाने के लिए पप्पू शब्दावली का इस्तेमाल किया गया अब आंकड़े बताते हैं कि असली पप्पू कौन है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय



द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए, मोइत्रा ने दावा किया कि अक्टूबर में देश का औद्योगिक उत्पादन चार प्रतिशत घटकर 26 महीने के निचले स्तर पर आ गया था, लेकिन विनिर्माण क्षेत्र जो अभी भी सबसे बड़ा उत्पादक है, उसमें नौकरियों में 5.6 प्रतिशत तक की कमी आई है।

टीएमसी सांसद ने दावा किया, विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने के लिए ईडी को इस्तेमाल किया जा रहा है। यह बताना चाहिए कि ईडी के मामलों में दोषिसिद्ध का प्रतिशत क्या है? क्या सिर्फ लोगों को परेशान करने के लिए इस एजेंसी का इस्तेमाल हो रहा है? असली पप्पू कौन है?÷ उन्होंने यह भी सवाल किया कि सरकार अतिरिक्त राजस्व, खासकर कर से इतर राजस्व संग्रह के लिए क्या कर रही है?

इस दौरान, उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारण के एक बयान का भी जिक्र किया और कहा, ÷हम लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारा यह अधिकार है कि सरकार अक्षमता को लेकर सवाल करें। यह सरकार का राजधर्म है कि वह जवाब दे। वह 'खिसियानी बिल्ली' की तरह व्यवहार करें।



### चीन को मुहतोड़ जवाब देगा भारत

**नई दिल्ली ,15 दिसंबर 2022(ए)।** बीते सप्ताह अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद चीन की चुनौतियों का भारत मुहतोड़ जवाब देगा। भारतीय वायुसेना पूर्वोत्तर में आज से दो दिवसीय अभ्यास करेगी जिसमें इसके अग्रिम पंक्ति के करीब सभी युद्धक विमान और इस क्षेत्र में तैनात अन्य संसाधन शामिल किए जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि अभ्यास का मकसद भारतीय वायुसेना की समग्र युद्धक क्षमता और इस क्षेत्र में सैन्य तैयारियों को परखना है। हालांकि, भारत और चीन की सेनाओं के बीच ताजा गतिरोध के बहुत पहले इस अभ्यास की योजना बनाई गई थी और इसका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय वायुसेना के सुखोई-30एमकेआई और राफेल जेट समेत अग्रिम पंक्ति के विमान इसमें शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में वायुसेना के सभी अग्रिम अड्डे और कुछ एडवांस लैंडिंग ग्राउंड्स को भी अभ्यास में शामिल किया जाना है। सेना और वायुसेना अरुणाचल और सिक्किम में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख विवाद के बाद से पिछले दो सालों से उच्च स्तरीय संचालनात्मक तैयारियों को बरकरार रखती आयी हैं। भारतीय वायुसेना ने पिछले हफ्ते अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एलएसी पर भारतीय हिस्से में चीन की बढ़ती हवाई गतिविधियों के बाद अपने लड़ाकू विमानों को उड़ाया था।

सूत्रों ने कहा कि क्षेत्र में चीन द्वारा ड्रोन सहित कुछ हवाई प्लेटफार्म की तैनाती तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति को एकतरफा बदलने के लिए 9 दिसंबर को किए गए चीनी सेना के प्रयासों से पहले हुई थी। उन्होंने कहा कि चीनी ड्रोन एलएसी के काफी पास आ गए थे जिसके कारण भारतीय वायुसेना को अपने युद्धक विमान उतारने पड़े थे और समग्र युद्धक क्षमता को बढ़ाना पड़ा था। इस बीच एलएसी पर चीन और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प का एक पुराना वीडियो कथित रूप से सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है। यह वीडियो 9 दिसंबर की घटना के संदर्भ में सामने आया। लेकिन अधिकारियों ने कहा कि यह वीडियो पुराना है।

## संपादकीय

### महिला आरक्षण बिल कब आएगा ?

भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिला आरक्षण बिल के बारे में क्या सोच रही है, यह पता नहीं चल रहा है। बिना महिला आरक्षण बिल के ही महिलाएं भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान कर रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने का कानून बनाया तो कहा गया कि मुस्लिम महिलाएं भाजपा का साथ देंगी। मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की उज्ज्वला योजना शुरू हुई तो कहा गय कि महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई और वो भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। लेकिन इन सबके बीच महिला आरक्षण की बात एक बार भी नहीं हो रही है।

सवाल है कि उसके लिए किस मौके का इंतजार हो रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार यह बिल ला सकती है? ध्यान रहे एक समय था, जब भाजपा इस बिल का बहुत समर्थन करती थी लेकिन तब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में शामिल कई दल इसके घनघोर विरोधी थे। यादव नेताओं की तिकड़ी यानी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव ने इसका विरोध किया था। अब मुलायम सिंह इस दुनिया में नहीं हैं और शरद व लालू यादव दोनों संसद में नहीं हैं। ज्यादातर पार्टियों ने विरोध छोड़ कर इसका समर्थन शुरू कर दिया है फिर भी इसे नहीं पेश किया जा रहा है।

बिना किसी कानून के अपनी पार्टी में 30 से 40 फीसदी तक महिलाओं को टिकट देने वाली दो पार्टियों- तृणमूल कांग्रेस और बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। इन दोनों पार्टियों पिछले चुनाव में एक तिहाई से ज्यादा टिकट महिलाओं को दी थी और एक मिसाल कायम की थी। ये दोनों पार्टियां संसद के शीतकालीन सत्र में इस बात की मांग कर रही हैं कि बिल पेश किया जाए। लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी किसी खास मौके के इंतजार मे चुप बैठे हैं।

संसद की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया है। बीजू जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने भी महिला आरक्षण बिल लाने की मांग की है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राजस्थान में कहा है कि यह बिल समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अब भी वैध और जीवित है। असल में इस बिल को मनमोहन सिंह की सरकार के समय राज्यसभा में पास किया गया था। रमेश ने संवैधानिक प्रावधान का जिक्र करते हुए बताया कि चूंकि राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है इसलिए वहां से पास होने वाला बिल हमेशा वैध बना रहता है। उनका कहना है कि करीब 11 साल पहले राज्यसभा से पास हुआ महिला आरक्षण बिल अब भी जीवित है और सरकार चाहे तो उसे लोकसभा से पास करा कर कानून बना सकती है। सो, गेंद अब केंद्र सरकार और भाजपा के पाले में है। उसे फैसला करना है कि कब महिला आरक्षण लागू होगा।

# महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में बाधाएं

मौजूदा पितृसत्तात्मक मानदंड सार्वजनिक या बाजार सेवाओं को लेने में एक महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न करते हैं। चाइल्डकैअर और लचीले काम के मुद्दे को संबोधित करने से सकारात्मक सामाजिक मानदंडों को शुरू करने में मदद मिल सकती है जो अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम के बोझ के पुनर्वितरण को प्रोत्साहित करते हैं। महिलाओं के कुशल लेकिन अवैतनिक कार्यों का एक बड़ा स्पेक्ट्रम अर्थव्यवस्था में सीधे योगदान देता है। फिर भी, %काम% के लिए जिम्मेदार नहीं होने के कारण इसका अवमूल्यन महिलाओं की स्थिति को कमजोर करता है, जिससे उनकी भेद्यता बढ़ जाती है। सार्वजनिक सेवाओं में अवसर की समानता सुनिश्चित करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। हालाँकि, इन समाधानों का एक सीमित प्रभाव होगा जब तक कि प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार परिवर्तन को लक्षित न किया जाए। जबकि शिक्षा और पोषण में लैंगिक अंतर समय के साथ कम हो रहा है, श्रम बाजार में महिलाओं की वंचित स्थिति बहुत स्पष्ट है। भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी केवल 25त्न है जबकि वैश्विक औसत 60त्न है, विश्व शक्ति बनने के लिए, हम महिलाओं को सेवा से बाहर होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। आर्थिक कारकों के ऊपर और ऊपर गैर-आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारक हैं। जब पारिवारिक आय में वृद्धि होती है तो सांस्कृतिक कारकों के कारण महिलाएं परिवार की देखभाल के लिए काम छोड़ देती हैं। पितृसत्ता की गहरी जड़ें इस प्रकार जकड़े है कि घर के बाहर काम करने वाली महिलाओं के बारे में सांस्कृतिक बोझ इतना मजबूत है कि अधिकांश पारंपरिक भारतीय परिवारों में, शादी के लिए ही काम छोड़ना एक आवश्यक पूर्व शर्त है।

चाइल्डकैअर की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं प निर्भर है जिसका एक बड़ा कारक मातृत्व है। कार्यबल में शामिल होने वाली कई महिलाएं बच्चा होने के बाद फिर से शामिल नहीं हो पाती हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चाइल्डकैअर को मुख्य रूप से महिलाओं की नौकरी के रूप में देखा जाता है। महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर पक्षपात आज भी होता है, ऐतिहासिक कानून, जो एक महिला को 26 सप्ताह के सवेतन मातृत्व अवकाश का अधिकार देता है, एक बड़ी बाधा बन रहा है। एक अध्ययन के अनुसार कंपनियों के लिए यह बढ़ी हुई लागत है और यह उन्हें महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित कर सकती है।

माताओं को इसलिए भी तरजीह नहीं दी जाती क्योंकि परिवार के कारण वे कम आधिकारिक जिम्मेदारियां उठाती नजर आती हैं। मेट्रोपॉलिटन, टियर 1 और टियर 2 शहरों में सुरक्षा प्रमुख मुद्दा है। कार्य स्थल पर सुरक्षा और उत्पीड़न के बारे में स्पष्ट और निहित दोनों तरह की चिंताएँ है।

महिलाओं के उच्च शिक्षा स्तर भी उन्हें अवकाश और अन्य गैर-कार्य गतिविधियों को करने की अनुमति देते हैं, जो सभी महिला श्रम बल की भागीदारी को कम करते हैं। जब आय बढ़ती है, तो पुरुष भारतीय महिलाओं को श्रम बल से हटने की अनुमति देते हैं, जिससे काम करने के कलंक (सांस्कृतिक कारक) से बचा जा सकता है।

ऐसी नौकरियों की अपर्याप्त उपलब्धता जो महिलाएं कहती हैं कि वे करना चाहेंगी, जैसे कि नियमित अंशकालिक नौकरियां जो स्थिर आय प्रदान करती हैं और महिलाओं को काम के साथ घरेलू कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति देती हैं। अवैतनिक कार्य/घरेलू कार्य के बारे में सामाजिक मानदंड महिलाओं की गतिशीलता और वैतनिक कार्यों में भागीदारी के खिलाफ हैं। प्रसव और बुजुर्ग माता-पिता या ससुराल वालों की देखभाल बाद के बिंदुओं के लिए होती है, जहां महिलाएं रोजगार पाइपलाइन से बाहर हो जाती हैं।

महिलाओं के लिए शिक्षा महिलाओं को सशक्त बनाने और एलएफपीआर की बेहतरी में मदद करती है महिला शिक्षा लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। लंबे समय से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। नारी शिक्षा को गति देकर भारत सामाजिक विकास और आर्थिक प्रगति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बालिकाओं के लिए अनिवार्य शिक्षा और उन्हें उच्च शिक्षा में बनाए रखना। अलग महिला शौचालय जैसे उचित बुनियादी ढांचा प्रदान करना। उन्हें नौकरी से संबंधित कौशल प्रदान करें जो नियोक्ता वास्तव में मांग करते हैं, या जिसका उपयोग वे अपना व्यवसाय शुरू करने में कर सकते हैं। कानूनों का मजबूत प्रवर्तन और बढ़ी हुई पुलिसिंग इस संबंध में मदद कर सकती है।

आंगनबाड़ी, बालवाड़ी का सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का बार-बार आना आवश्यक है। देश की महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला मंडलों की मदद ले सकती हैं।

लड़कियों और उनके माता-पिता की आकांक्षाओं को बढ़ाये, हमें लड़कियों की छवि और रोल मॉडल देने की जरूरत है जो उनके सपनों का विस्तार करें महिला प्रतिनिधित्व जैसे स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय कानून में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं क्योंकि यह नीति निर्माण में उनकी बात को बढ़ा सकती है।

अधिक महिलाओं को श्रम बल में लाने के लिए सुरक्षित कार्यस्थलों का निर्माण करना सबसे आगे होना चाहिए। शिक्षा का बेहतर लक्ष्यीकरण और महामारी के बाद की दुनिया में डिजिटल विभाजन को कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा के माध्यम से, महिलाओं की कार्यबल में बेहतर पहुंच और अवसर हैं, जिससे आय में वृद्धि हुई है और घर पर अलगाव या वित्तीय निर्णयों से कम अलगाव हुआ है। कामकाजी माताओं के खिलाफ कार्यस्थल पूर्वाग्रह को दूर करन, गर्भावस्था भेदभाव, कौशल और विविधता के आधार पर महिलाओं को काम पर रखना करियर गैप के बाद, एक आदर्श बन जाना चाहिए।

बाल-देखभाल जिम्मेदारियों को निष्पक्ष रूप से साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए करों का उपयोग करके, या महिलाओं और लड़कियों को पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों जैसे सशस्त्र बलों और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करके हम स्थिति को मजबूत कर सकते है।

भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि महिलाएं अब सेना में कमांडिंग पदों पर आसीन हो सकती हैं। बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी साझा करने के लिए पुरुषों के लिए पितृत्व अवकाश, कंपनियों को महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करना, और 50त्न लक्ष्य तक पहुंचना। समान काम के लिए समान वेतन के संबंध में मजबूत कानून और नीतियां, अर्थव्यवस्था में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए मातृत्व लाभ की आवश्यकता है। मातृत्व और पितृत्व- 2017 में अधिनियम में संशोधन ने पेड मैटरनिटी लीव को 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया। हालांकि नेकनीयत, यह दुर्भाग्य से देखभाल करने की धारणा को मजबूत करता है कि मुख्य रूप से महिला का दायित्व है, और इस प्रकार महिलाओं के मातृत्व के अधीन होने के जोखिम को मजबूत करता है और बढ़ाता है।

अनिवार्य पितृत्व लाभ के लिए एक स्पष्ट कानून लैंगिक भूमिकाओं को समान करने और नियोक्ता पूर्वाग्रह को कम करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा, कामकाजी माताओं के लिए चाइल्डकैअर सुविधाओं का प्रावधान और मजबूती बहुत महत्वपूर्ण है। मातृत्व लाभ अधिनियम 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों के लिए क्रेच सुविधाओं की स्थापना को अनिवार्य करता है। एक बेहतर नीतिगत उपाय यह होगा कि बच्चों की देखभाल के लिए जरूरतमंद माताओं को मासिक भत्ता दिया जाए। इससे घर से काम करने वाली माताओं को भी मदद मिलेगी। भारत ने पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण प्रदान किया है। क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण से उनकी क्षमताओं को और बढ़ाया जा सकता है।

मौजूदा पितृसत्तात्मक मानदंड सार्वजनिक या बाजार सेवाओं को लेने में एक महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न करते हैं। चाइल्डकैअर और लचीले काम के मुद्दे को संबोधित करने से सकारात्मक सामाजिक मानदंडों को शुरू करने में मदद मिल सकती है जो अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम के बोझ के पुनर्वितरण को प्रोत्साहित करते हैं। महिलाओं के कुशल लेकिन अवैतनिक कार्यों का एक बड़ा स्पेक्ट्रम अर्थव्यवस्था में सीधे योगदान देता है। फिर भी, %काम% के लिए जिम्मेदार नहीं होने के कारण इसका अवमूल्यन महिलाओं की स्थिति को कमजोर करता है, जिससे उनकी भेद्यता बढ़ जाती है।

चाइल्डकैअर की जिम्मेदारियों को साझा करना उस संस्कृति में मुश्किल हो सकता है जहां माता-पिता की छुट्टी केवल मां को दी जाती है। यह इस धारणा को और पुष्ट करता है कि अवैतनिक देखभाल कार्य केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक सेवाओं में अवसर की समानता सुनिश्चित करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। हालाँकि, इन समाधानों का एक सीमित प्रभाव होगा जब तक कि प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार परिवर्तन को लक्षित न किया जाए।



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार
(हरियाणा)

# राजस्थान में भाजपा को लगा जोर का झटका

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी इन दिनों सदमे की हालत में है। पार्टी को लगातार झटके पर झटके लग रहे हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूट रहा है। राजस्थान में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और संगठन की दृष्टि से भाजपा कमजोर लग रही है। ऐसे में विधानसभा चुनाव में भाजपा कांग्रेस को हराकर कैसे अपनी सरकार बनाएगी इस सवाल का जवाब किसी भाजपा नेता के पास नहीं है। प्रदेश भाजपा के सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे ही चुनाव जीतने के सपने देख रहे हैं।

हाल ही में राजस्थान के सरदारशहर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा की करारी हार से भाजपा को जोर का झटका लगा है। उपचुनाव से पूर्व झुंझुनू में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह ने दावा किया था कि पार्टी के सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। मगर उपचुनाव में अरुण सिंह का दावा खोखला साबित हुआ। ना तो पार्टी के नेता एकजुटता दिखा पाए और ना ही उपचुनाव जीत पाए।

सरदारशहर से भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा ने तो प्रारंभ में प्रत्याशी बनने से ही इंकार कर दिया था। क्योंकि उनको पता था कि भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। ऐसे में उनका जीतना मुश्किल है। बड़ी मुश्किल से भाजपा नेताओं ने मान मनुहार कर अशोक पिंचा को चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया था। लेकिन चुनाव नतीजे वही रहे जिसकी अशोक पिंचा को पहले से ही आशंका थी। इतना ही नहीं 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा का हार का अंतर भी काफी अधिक बढ़ गया।

भाजपा ने सरदारशहर उपचुनाव का प्रभारी केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को बनाया था। प्रभारी के नाते मेघवाल की जिम्मेदारी थी कि पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट कर पूरी ताकत से चुनाव लड़े। मगर मेघवाल ऐसा करने में पूरी तरह विफल रहे। सरदारशहर उपचुनाव के दौरान मेघवाल ने पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा व पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी को तो भाजपा में शामिल करवा लिया। मगर पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी को भाजपा में शामिल नहीं होने दिया। इससे नाराज होकर भाटी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी लालचंद मूंड के पक्ष में वोट देने की अपील की थी।

राजस्थान भाजपा में अर्जुनराम मेघवाल को अन्य दलों से भाजपा में आने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए बनाई गई छानबीन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। अर्जुन राम मेघवाल व देवीसिंह भाटी दोनों ही बीकानेर जिले के हैं। दोनों में 36 का आंकड़ा है। देवी सिंह भाटी जहां सात बार विधायक व राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वही मेघवाल तीसरी बार सांसद व केंद्र सरकार में राज्यमंत्री है। पिछले विधानसभा चुनाव में कोलायत से भाटी की पुत्रवधू पूनम कंवर भाजपा टिकट पर



चुनाव लड़कर हार गई थी। तब भाटी ने अर्जुनराम मेघवाल पर भितरघात करने का आरोप लगाते हुये उनको लोकसभा प्रत्याशी बनाने का विरोध किया था। मगर पार्टी द्वारा मेघवाल को प्रत्याशी बनाने के विरोध में भाटी ने भाजपा छोड़ दी थी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समर्थक देवीसिंह भाटी ने गत दिनों वसुंधरा राजे के माध्यम से भाजपा में वापसी करनी चाहिए थी। इसके लिए उन्होंने बीकानेर में वसुंधरा राजे का एक बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित करवाया था। मगर अंतिम समय में मेघवाल के प्रभाव के चलते भाटी की भाजपा में घर वापसी रुक गई थी। जिससे भाटी काफी नाराज हुए थे। इस उपचुनाव के बहाने भाटी ने घर वापसी का फिर प्रयास किया था। मगर मेघवाल ने भाटी के प्रयासों पर फिर से पानी फेर दिया। यदि भाटी की घर वापसी होती तो उपचुनाव में एक अच्छा मैसेज जाता।

मोदी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल प्रारंभ से ही विवादास्पद रहे हैं। पिछले दिनों उनका पुत्र भी कई विवादों में आया था। इसी के चलते उनका पुत्र रविशेखर कांग्रेस सरकार में केबीनेट मंत्री गोविंदराम मेघवाल की पत्नी आशा देवी से 2783 वोटो से जिला परिषद का चुनाव भी हार गया था। मगर केंद्रीय नेतृत्व की नजदीकी के चलते अर्जुन राम मेघवाल पार्टी में प्रभावी बने हुए हैं और चुन-चुन कर देवीसिंह भाटी की तरह अपने अन्य विरोधियों को भी ठिकाने लगा रहे हैं। अपने प्रभाव के चलते जहां मेघवाल अपनी व्यक्तिगत खुन्नस तो निकाल रहे हैं मगर इससे पार्टी संगठन को भारी नुकसान हो रहा है। इस बात से वह बेखबर नजर आ रहे हैं।

सरदारशहर उपचुनाव में आपसी गुटबाजी के चलते पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने चुनाव प्रचार से दूरी बनाये रखी थी। राजे के प्रचार में नहीं आने से उनके समर्थक भी उप चुनाव से दूर रहे थे। जिससे चुनाव में भाजपा का मैसेज अच्छा नहीं गया। वही कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित कई मंत्री व दर्जनों विधायक पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे रहे। फलस्वरूप सरदारशहर में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा को 26 हजार 852 वोटों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

2018 के विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक राजस्थान में आठ सीटों पर उप चुनाव हो चुके हैं। जिनमें से तीन पर भाजपा, चार पर कांग्रेस व एक पर रालोपा का कब्जा था। मगर उपचुनाव में भाजपा मात्र एक सीट पर ही फिर से चुनाव जीत पायी। जबकि कांग्रेस छः व रालोपा एक सीट जीत गयी। अब तक हुये उपचुनावों में भाजपा को दो सीटे गवानी पड़ी है।

राजस्थान में भाजपा द्वारा इन दिनों जन आक्रोश रथ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें प्रदेश के सभी गांव में भाजपा नेता एक रथ लेकर जा रहे हैं और ग्राम वासियों से संवाद कर प्रदेश में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की कमियों को लोगों को बता रहे हैं। मगर जन आक्रोश रथ यात्रा के दौरान भी भाजपा नेताओं को बहुत से गांव में लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि तीन साल बीत जाने के बाद भी सांसदों ने लोगों से मिलना तक गवारा नहीं समझा। जबकि लोगों ने प्रदेश के हर सांसद को कई-कई लाख वोटों से चुनाव जिताया था। मगर चुनाव जीतने के बाद सांसद वोट देने वालों को ही भूल गए। ऐसी ही स्थिति का सामना विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को करना पड़ रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पिछले दिनों जयपुर में हुई जनसभा में भीड़ एकत्रित नहीं होने की घटना से भी केंद्रीय नेतृत्व सकते में है। चर्चा है कि नड्डा की सभा में भीड़ जुटाने में जयपुर शहर के विधायकों कलीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी व अशोक लाहोटी ने कोई रुचि नहीं ली। जिस कारण नड्डा की जयपुर सभा फेल हो गई थी। हालांकि राजस्थान कांग्रेस में गहलोत बनाम पायलट में जमकर गुटबाजी चल रही है। मगर जहां कांग्रेस में सिर्फ दो गुट है। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना अलग गुट है। ऐसे में अगले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का सपना देख रहे भाजपा के नेता कैसे चुनाव जीतेंगे इसका जवाब किसी के पास नहीं है। फिलहाल तो प्रदेश भाजपा में सब कुछ राम भरोसे ही चल रहा है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# लोक सभा में हास्य,विनोद,कविता और शायरी

संसदीय व्यवस्था अन्य तंत्रों की अपेक्षा अधिक सुसभ्य और सुसंस्कृत है क्योंकि इसमें लोग संसद में मिल-बैठ कर बातचीत के द्वारा अपने मतभेदों का हल खोजने का प्रयास करते हैं तथा राजनीतिक शक्ति के लिए सतत संघर्ष भी या तो आम चुनावों के समय मतपेटियों के माध्यम से होता है या फिर संसद के सदनों में वाद-विवाद। संसदीय व्यवस्था का मूलमंत्र यही है कि स्वतंत्र चर्चा हो। हर राष्ट्रीय महत्त्व के मामले पर खुले आम बहस हो, आलोचना की पूरी छूट हो और विभिन्न मतों में टकराव, सभी पक्षों द्वारा आपसी बातचीत और वाद-विवाद के बाद देश हित में निर्णय लिए जाए।


कई बार लोक सभा में सांसदगण हास्य विनोद, कविता और शेरो-शायरी के जरिए अपनी बात मुखरता से कहते हुए दिखते हैं। हास्य-विनोद से ना केवल माहौल का तनाव कम होता है बल्कि अन्य वक्ताओं की बोलने की इच्छा का भी संवर्धन होता है। एक शेर के जवाब में दूसरा वक्ता भी अपनी बात शेर से कहने की कोशिश करता है और वही क्षण पूरी संसदीय प्रणाली में बहस और वह भी मर्यादा का दायरे में रह कर करने को पुनर्जीवित कर देती है। पंद्रहवीं लोकसभा के दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच अक्सर वाकयुद्ध होता रहता था लेकिन उसी दौरान सुषमा स्वराज और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बीच हुई शेरो-शायरी अब भी लोग याद करते हैं। सुषमा स्वराज उस समय नेता प्रतिपक्ष थीं और कई यादगार उदाहरण हैं जिनमें दोनों नेताओं ने शेरो-शायरी के जरिए एक दूसरे पर निशाना साधा। पंद्रहवीं लोकसभा में ही एक बहस के दौरान सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए मिर्जा गालिब का मशहूर शेर पढ़ा, 'हम को उनसे वफा की है उम्मीद, जो नहीं जानते वफा क्या है।% इसके जवाब में सुषमा स्वराज ने कहा कि अगर शेर का जवाब दूसरे शेर से नहीं दिया जाए तो ऋण बाकी रह जाएगा। इसके बाद उन्होंने बशीर बद्र की मशहूर रचना पढ़ी, 'कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं




होता।% गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्प पर चर्चा में भाग लेते हुए केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से नहरों के निर्माण के संबंध में बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की कमी और आवारा गायों की समस्या को दूर करने के सम्बन्ध में दिनांक 21.06.2019 को श्री निशिकांत दुबे ने कवि बशीर बद्र की शेर पढ़ी, %अगर फुससत मिले, पानी की तहरीरों को पढ़ लेना, हर एक दरिया हमारे सालों का अफ़साना लिखता है।%

सिर्फ लोक सभा ही नहीं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी अपनी गंभीर छवि के उलट हास्य प्रेमी और हाज़िरजवाबी के भी महान उदहारण हैं। महात्मा गांधी की छवि आम तौर पर एक धीर-गंभीर विचारक, आध्यात्मिक महापुरुष और एक कड़क अनुशासन प्रिय राजनेता की रही है लेकिन उनकी विनोदप्रियता और हाज़रिजवाबी का भी कोई जवाब नहीं था। अपने हास्य और व्यंग्य से वे बड़े-बड़े लोगों को लाजवाब कर देते थे। वह खुलकर हंसते थे और हंसते वक्त ही पता चलता था कि उनके कई दांत उम्र के साथ ग़ायब हो चुके हैं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी आत्मकथा में लिखा है- %जिसने महात्माजी की हास्य मुद्रा नहीं देखी, वह बेहद कीमती चीज़ देखने से वंचित रह गया है।% सरोजनी नायडू तो महात्मा गांधी को प्यार से %मिकी माउस% बुलाती थीं। गांधीजी भी अपने पत्रों में उनके लिए %डियर बुलबुल%, %डियर मीराबाई% तो यहां तक कि कभी-कभी मज़ाक में %अम्माजान% और %मदर% भी लिखते थे। गांधी ने कहा, %जिन विषम और विकट परिस्थितियों में मैं काम करता हूँ, अगर मुझ में इतना अधिक %सेन्स ऑफ ह्यूमर% ना होता, तो मैं अब तक पागल हो गया होता।% लंदन में गांधीजी की मुलाकात एक रिटायर्ड ब्रिटिश फौजी से हुई। वह उनका ऑटोग्राफ चाहता था। चलते वक्त गांधी जी ने उससे पूछा आपके कितने बच्चे हैं? फौजी ने कहा आठ, चार लड़के और चार लड़कियां। गांधीजी हंसे और बोले मेरे बस चार लड़के हैं इसलिए मैं आपके साथ आधे रास्ते तो दौड़ ही सकता हूं। ये सुनकर सब हंसने लगे।

देश में कानून बनाने की सर्वोच्च संस्था संसद में गर्मागर्म राजनीतिक बहस के बीच कविताओं, छंदों, संस्कृत के श्लोकों, चुटकियों और शेरो-शायरी का दौर भी चलता रहता है। सदन का माहौल हल्का हो जाता है और सांसदों के ठहाके व तालियां गूंजती हैं। संस्कृत के श्लोक जहां ऋग्वेद एवं गीता से लेकर अन्य शास्त्रों से लिए जाते हैं, वहीं बशीर बद्र, राहत इंदौरी एवं वसीम बरेलवी की शेरो-शायरी, रवींद्रनाथ टैगोर, रामधारी सिंह दिनकर की कविताएं और गोस्वामी तुलसीदास एवं अमीर खुसरो के दोहे पर सदन में मौजूद सदस्य खूब तालियां बजाते देखे जाते हैं।



**सलिल सरोज**
नई दिल्ली

## अब कहां मरने पर शोक

अपनों कि मौत का अब कहां
लोग पहले सा शोक मनाते
तेरहवी तक भी रूक ना पाते
प्रतिष्ठान बंद किये शोक मे दो दिन
ये भी नुकसान हुआ दो दिन आय
का , यह कह जतलाते।।
अपनों कि मौत का अब कहां
लोग पहले सा शोक मनाते।।2।।
होते दो दिन ही की सिर मुंडवाई
रस्म निभा दर्द ए जज्बात बताते
अंदर से तड़प रहे , शोक बंधन से
बस जल्द से जल्द मिलना चाहते
दिखावा सिर्फ दुख का कर जाते
हुई रस्म कि तुरंत काम पर जाते।।
अपनों कि मौत का अब कहां
लोग पहले सा शोक मनाते।।2।।
देखो रिश्तों के बंधन खोखले बताते
छल अपनों को ही पापी पाप कमाते
खाता लिख रहा भग्वान आज सबका
सुनो पाप , पुण्य इसी धरा पर सब पाते
देखो मरने वाले तुम्हें बहुत थे चाहते
किसी के जनक तो किसी के सगे
भाई बहन इस दुनिया से हैं जाते
फर्क ना पड़े उनको जो मतलब से
रिश्ते सिर्फ निभाते ।।2।।
अपनों कि मौत का अब कहां
लोग पहले सा शोक मनाते।।2।।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट्र


## बढ़ती ठंड



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

कैसा ये मौसम है आया, कभी धूप सँग होती छाँव।
बैठे बिस्तर में है सारे, नहीं धरा पर रखते पाँव।।
ठिठुर रहे हैं लोग यहाँ पर किटकिट करते सब के दाँत।
इक दूजे को करे इशारे, नहीं निकलती मुँह से बात।।
तेज सूर्य की किरणें आतीं, मिलती है ऊर्जा भरपूर।।
चौराहे पर बैठे बैठे, ठंडी को करते हैं दूर।।
स्वेटर मफलर तन को भाये, स्पर्श नहीं करते हैं नीर।
छोटे बच्चे रोते रहते, क्या ठंडी में होती पीर।।
बादल में छुप जाता सूरज, और पवन की बहती धार।
दुबके मानव घर के अंदर, काम काज से माने हार।।
बहुत बढ़ी है ठंड धरा पर, थोड़ा कम कर दो भगवान।
देह बर्फ सी जमती जाती, कहीं निकल ना जाये प्राण।।


## मुमकिन नहीं



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

भूलना चाहोगे लेकिन, भूलना मुमकिन नहीं।
जुड़ गये हैं तार दिल के, तोड़ना मुमकिन नहीं।
प्यार का इजहार वो, इसरार और वो आरजू ,
ख्वाहिशें दीदार की यूं ,छोड़ना मुमकिन नहीं।
धड़कनों को कहने दो,अपनी अपनी दास्तां,
रहने दो खामोश लब को,बोलना मुमकिन नहीं।
बस गये जो रुह में,जाते नहीं फिर वो कहीं ,
इश्क की गलियों में जाके,लौटना मुमकिन नहीं।
तज्किरा हो या समाअत, एक ही दर पे रहे,
स्वाती इस तरह बसर, बदलना मुमकिन नहीं।

## सौंप दो अब स्वयं को



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

निज प्रेम और निज स्वार्थ छोड़ने की बेला है
आज राष्ट्र-हित में एक हो जाने की बेला है
माँ भारती के लाल तुमको देश का आह्वान
सौंप दो अब स्वयं को समर्पण की बेला है
शत्रु खड़े द्वार पर निस दिन नये अवतार में
दें लहू के होम हम अब पूर्णाहुति की धार में
हों हमारे तन-मन-जीवन-मान अभिमान समर्पित
अपने-सपने और सारे जगत भर के सम्मान अर्पित
ये जनम क्या वो जनम क्या सब ये खेला है
सौंप दो अब स्वयं को समर्पण की बेला है
राणा सांगा-प्रताप के हैं वंशज ये स्मरण रहे
जियें तो स्वाधीनता में, या स्वीकार मरण रहे
होना पड़ जाए अगर बलि देश पर वो है सरल
रख इरादे लौह से फौलाद से वचन अटल
कल को मेले होंगे आज तू भले अकेला है
सौंप दो अब स्वयं को समर्पण की बेला है
हिमवान पर हमने ही विजय पताका लहराई थी
आँख उठा के देखा तो धूल उनको चटाई थी
शीर्ष अपना थाल में सजा के दे दें ये होगा नहीं
एक भारत श्रेष्ठ भारत- है कसम हमको यही
हम नहीं मिटने वाले ये सदियों वाला रेला है
सौंप दो अब स्वयं को समर्पण की बेला है


## शुक्रिया



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

शुक्रिया रकीबों, तुम ने जीना सिखा दिया।
शुक्रिया हादसों, तुम ने जीना सिखा दिया।
हम चले,कठिन थे सच्चाई के रास्ते,
शुक्रिया रास्तों,तुम ने जीना सिखा दिया।
मुसलसल उडना, मंजिल की राह में,
शुक्रिया परींदों,तुम ने जीना सिखा दिया।
न होता साथ तुम्हारा, बिखर जाते हम,
शुक्रिया हबीबों,तुम ने जीना सिखा दिया।
जिंदगी की हर मुश्किल को आसां किया,
शुक्रिया किताबों,तुम ने जीना सिखा दिया।

## जिम्मेदारी



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

हो रहा है चारों ओर भीड़ भड़क्का
लापरवाही का देखो यहाँ मंज़र है
फिक्र नहीं यहाँ जान की किसी को
जैसे सभी ने पी रखा अमृत रस है
क्यूँ नादान बने फिर रहे यहाँ सभी?
क्या अपनों की नहीं कोई फ़िक्र है?
ख़ुद की नहीं,उनकी तो तुम सोचो
जिनसे रोशन हो रहा तुम्हारा घर है
बहुत ज़रूरी हो,तभी बाहर जाओ
सावधानी रखने से, बचाव संभव है
तोड़नी है कड़ी अब इस बीमारी की
हर एक को जिम्मेदारी लेनी अब है

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शहर के पैथोलैबों की जांच सही नहीं,मरीज असमंजस में,गलत उपचार के हो रहे शिकार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शहर में दर्जनों की संख्या में संचालित पैथोलैब व डाग्नोस्टिक सेंटर की रिपोर्ट सही नहीं पाए जा रहे हैं। अलग-अलग पैथोलैब में जांच कराने पर अलग-अलग रिपोर्ट दिया जाता है। इसे लेकर मरीजों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रहती है और गलत रिपोर्ट के कारण चिकत्सक भी मरीजों को हाई डोज दवा शुरू करा देते हैं। इससे मरीजों की जान पर पड़ रही है। उक्त बातें गुरुवार को सर्किट हाउस में पत्र वार्ता आयोजित कर आम आदमी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष साकेत त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि पौथोलैब में जांच कराने पर मनमाना बील लिया जा रहा है। इसका कोई रेट फिक्स नहीं होने से मरीजों की जब पर पड़ रही है। उन्हों ने अपना उदहारण देते हुए कहा कि मैंने कुछ दिन पूर्व शहर के एक पैथोलैब में शुगर की जांच कराया तो वहां



रिपोर्ट में 185 ब्लड शुगर लेवल आया। इसके कुछ ही समय बाद जब मैंने क्रॉस चेक कराने दूसरे लैब में जांच कराया तो वहां शुगर लेवल 300 बताया। इस तरह से अलग-अलग पैथोलैब का अलग-अलग रिपोर्ट दिया जा रहा है और जांच कराने का अलग-अलग शुल्क वसूले जा रहे हैं। साकेत त्रिपाठी ने कहा कि जब मैंने अमानक रिपोर्ट की शिकायत सीएमएचओ से की तो उन्होंने कहा कि पैथोलेब की मानक जांच करने का कोई यंत्र नहीं है और मेरे अधिकार क्षेत्र में भी नहीं आता है। साकेत्र त्रिपाठी द्वारा पूछे जाने पर सीएमएचओ ने बताया कि पैथोलैब पर निगरानी करने का अधिकारी जिले के कलेक्टर को होता है। साकेत त्रिपाठी ने कलेक्टर को भी इस संबंध में जांच कराने व रेट फिक्स करने की मांग की है। साकेत त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा हर लोगों की अति आवश्यक है। शासन द्वारा केवल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही पैथोलैब से जांच कराई जाती है। पर वहां इतना भीड़ रहने के कारण लोगों को समय पर जांच की सुविधा नहीं मिल पाती है। वहीं लोग परेशान होकर निजी पैथोलैब व डाग्नोस्टिक सेंटर जाते हैं पर उनहें रिपोर्ट सही नहीं दिया जाता है। वहीं मरीज व उनके परिजन से ज्यादा रुपए लिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन अति आवश्यक सुविधा की जांच कराकर व्यवस्था सुधारने की मांग कलेक्टर से की है। अगर मांग पूरी नहीं होती है तो आम आदमी पार्टी स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सड़क पर लड़ाई लड़ेगी।

## 3 सूत्रीय मांगों को लेकर गरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने खाद्य मंत्री से की मुलाकात

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष एवं नगर निगम प्लेसमेंट कर्मचारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में निकाय स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय के जिला अध्यक्ष, निकाय अध्यक्ष, पदाधिकारीगण व कर्मचारी सदस्य उपस्थित रहे। उक्त बैठक में नियमितीकरण सहित 3 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।



साथ ही आगामी दिनों में प्रदेश अध्यक्ष संजय एडे के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर शासन को अपनी मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण कराने जैसे बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके उपरांत निकाय अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक स्थल से लगभग 50 कर्मचारी छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से कार्यालय निवास में सौजन्य मुलाकात कर 3 सूत्रीय मांग प्लेसमेंट-ठेका प्रथा को समाप्त कर, प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकायों में समायोजन करने, नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने तथा नियमितीकरण तक 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान एवं किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक न किये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में 14 नगर पालिक निगम, 43 नगर पालिका परिषद एवं 113 नगर पंचायतों सहित कुल 170 नगरीय निकायों में कार्यरत समस्त प्लेसमेंट कर्मचारियों का संगठन है एवं अपने सदस्यों के हितार्थ 3 सूत्रीय मांग को विगत वर्षों से निरतंर संघर्षरत है।

## नगरीय निकाय उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित

अम्बिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के संशोधित उप नियम के तहत उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में जारी ओदशानुसार 16 दिसम्बर 2022 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्वान्ह 10:30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसी समय सीटों के आरक्षण के संबंध में में भी सूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके अलावा रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदान सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस दिन पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। दिनांक 26 दिसम्बर 2022 तक निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन प्रतिकों का आबंटनों किया जाएगा। निर्वाचन की आवश्यकता होने पर 9 जनवरी 2023 को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। 12 जनवरी 2023 को मतगणना एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी।

# अपने विभाग में संचालित योजनाओं में प्रगति लाकर लक्ष्य हासिल करें:सिंह

» सतत् विकास लक्ष्य की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु तैयार किये गये डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क पर संभागीय प्रशिक्षण आयोजित

» डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क से योजनाओं की मॉनिटरिंग में आयेगी कसावट

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।





राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क तथा उस फ्रेमवर्क पर आधारित एसडीजी डैश बोर्ड के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य के जिला स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन हेतु संभाग के जिलों के संबंधित अधिकारियो को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व राज्य गीत के साथ हुआ।

उद्घाटन सत्र को संबिधित करते हुए राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह ने कहा कि एसडीजी लक्ष्य की प्राप्ति एक दृढ़ मैराथन है जहां सफलता केवल साक्ष्य आधारित योजनाए निगरानी, निरंतर सुधार और कमियों की पहचान करते हुए संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है। अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं प्रगति लाकर लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने बताया कि राज्य योजना आयोग द्वारा संबंधित सभी विभागो के साथ समन्वय कर तैयार किये गये ''डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' को मुख्यमंत्री द्वारा अगस्त 2022 में जारी किया गया था तथा अपेक्षित किया गया था कि विभागीय व जिला प्रशासन के अधिकारी इसके आधार पर प्रभावी अनुश्रवण व अनुशीलन करेंगे। डी.आई.एफ. में कुल 82 इंडिकेटर्स का समावेश किया गया है। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में ''जिला स्तरीय एस.डी.जी. क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति'' भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित की गयी है। डैशबोर्ड का उपयोग विभागीय अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी योजनाओं के अनुश्रवण हेतु एक प्रभावी ''टूल'' के रूप में कर सकेंगे।

संभागायुक्त डॉ. एस. अलंग ने कहा कि राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार किया गया ''डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' बहुत उपयोगी फ्रेमवर्क है, जो कि वैश्विक एस.डी.जी. लक्ष्यों को जिलो में प्रभावी रूप से लागू करने में सहायक होगा। फ्रेमवर्क को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागो के जिला अधिकारी उनके विभाग की योजनाओं का प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग कर सकेंगे। ''एस.डी.जी. डैशबोर्ड'' के माध्यम से फ्रेमवर्क के इंडिकेटर्स अंतर्गत प्राप्त प्रगति परिलक्षित हो सकेगी। जिलों को स्कोर व रैंकिंग प्रदान की जाएगी। जिससे प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में अंतिम व्यक्ति तक योजनओं का लाभ प्रदाय करने में तत्परता से कार्य होगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने कहा कि डी.आई.एफ. में इंडिकेटर्स सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय पहलुओं पर मुख्यतः केन्द्रित है जिनमें प्रगति लाने से सामाजिक-आर्थिक विकास होना सुनिश्चित है। ''एस.डी.जी. डैशबोर्ड'' के माध्यम से प्रत्येक लक्ष्य विरूद्ध प्रगति की जानकारी त्वरित रूप से प्राप्त होगी। राज्य योजना आयोग के संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरडिया द्वारा ''डी.आई.एफ.'' ''एस.डी.जी. डैशबोर्ड'' तथा डाटा की महत्ता संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी तथा प्रतिभागियों की पृच्छता का समाधान भी किया गया।

# दस दो पहिया वाहन के साथ दो नाबालिग सहित 8 गिरफ्तार

» निगरानी सुदा बदमाश जेल से छुटकर पुनः चोरी की घटना को दे रहे थे अंजाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोतवाली व मणिपुर चौकी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो अपचारी बालक सहित 8 बाइक चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से कुल 10 दो पहिया वाहन जब्त कए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से दो युवक निगरानीसुदा बदमाश हैं और जेल से छुटने के बाद पुन- चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



एएसपी विवेक शुक्ला व सीएसपी स्कृतिक राजनाला के नेतृत्व में कोतवाली व मणिपुर चौकी पुलिस की टीम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सघन पेट्रोलिंग कर संदेहियो पर लगातार नजर रखी जा रही थी। जो लुंड्रा क्षेत्र के संदेहियों को पकड़कर बाइक चोरी के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया, जो विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा चोरी किए गए वाहन को बरामद किया गया एवं थाना कोतवाली एवं मणिपुर के शातिर निगरानी बदमाश विद्याधर दास एवं रुपसाय उर्फ गोधु बरगाह पर भी नजर रखी जा रही थी। टीम ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो शहर व ग्रामीण क्षेत्र से कई बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इनके निशानदेही पर दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 10 दो पहिया वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक कलीम खान, थाना प्रभारी कोतवाली रुपेश नारंग, चौकी प्रभारी मणिपुर सरफराज फिरदौशी, थाना प्रभारी लुंड्रा ओम प्रकाश यादव, सहायक उप निरीक्षक दिलीप दुबे, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विपिन तिवारी, सतीश सिंह, प्रधान आरक्षक अमित सिंह, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, विजय रवि, आरक्षक जयदीप सिंह, रुपेश महंत, धीरज सिंह, सत्येंद्र दुबे, बृजेश राय, विकाश सिंह, इदरीश, कुंदन सिंह, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## निजी कंपनी के ऑफिस का ताला तोड़कर डेढ़ लाख नकदी सहित ढाई लाख की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शहर के सुभाषनगर स्थित एक निजी कंपनी के ऑफिस में बुधवार की रात दो अज्ञात चोरों द्वारा दफ्तर के दरवाजे को तोड़कर काउंटर में रखे डेढ लाख रुपए नकदी सहित अन्य किमती सामान पार कर दिया है। चोरी करते दो चोर ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुए हैं। कंपनी के मालिक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के सुभाषनगर निवासी कृष्णा राय का सिवानी कंट्रक्शन के नाम से ऑफिस है। बुधवार की रात को ऑफिस के कर्मचारी काम खत्म कर ऑफिस बंद कर घर चले गए। गुरुवार को कर्मचारी ऑफिस पहुंचे तो देखा की ऑफिस का दरवाजा खुला है। अंदर जाकर देखे तो सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर ऑफिस के संचालक कृष्णा राय पहुंचे। उन्होंने देखा की काउंटर में रखे डेढ़ लाख रुपए नकदी नहीं हैं। वहीं ऑफिस के अंदर से कंप्यूटर, प्रिंटर, कैमरा, बैट्र, केवल तार सहित कई किमती सामान नहीं थे। उन्होंने ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पता चला की बुधवार की रात करीब 1 बजे दो चोर ऑफिस का ताला तोड़कर घटना को अंजाम देते कैद हुए हैं। कृष्णा राय ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं विवेचना के दौरान पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की रही है।

## 45 ग्राम वासियों को 7 साल बाद भी नहीं मिला वन अधिकार पट्टा



» आजाद सेवा संघ एवं ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के उपस्थिति में संघ के कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि शासन वन भूमि गूगल मैप मशीन द्वारा वन विभाग ने जमीन का नापा किया गया था। ग्राम वासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में तीन पीढ़ी से सरपंच सचिव और वनरक्षक दोनों मिलकर सूची जमा किया गया था पर उनके फार्म को कार्यालय में जमा नहीं किया गया जिसके कारण आज तक 7 साल हो गया हम सभी ग्राम वासियों 7 साल आज तक तहसील के कार्यालय में चक्कर लगाते रहे हैं। पूर्व में भी ग्राम वासियों द्वारा कार्यालय में आवेदन कई बार दिया है पर सचिव और वनरक्षक सूची द्वारा भोले भाले ग्राम वासियों को बार-बार गुमराह किया जाता है और कहा जाता है कि सूची जमा नहीं हुआ है। ग्राम वासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब घर से हम लोग जाते हैं हम लोग के पास बनाने का समय नहीं है बनवाने का पैसा मांगते हैं। संघ के द्वारा और ग्राम वासियों के द्वारा कहा गया है कि 7 दिवस के अंतराल में उनकी इस समस्या पर कोई भी करवा ही नहीं किया जाता है तथा दिवस के बाद ग्राम वासियों के द्वारा बहुत ही उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सोते समय उपस्थित रहे संडे के जिलाध्यक्ष आनंद पटेल ग्रामीण महासचिव संजय बड़ा रवि गुप्ता राजगुरु विवेक टेकाम राजपाल मोहन कुमार विष्णु कुमार अलग राजापुर दीपक बालेश्वर मोहास आए सोहर राजेश प्रेमा शंकर लाकड़ा हरि आदि भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# नगर निगम लोक में निर्माण विभाग के प्रभारी शफी अहमद ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष और नगर निगम लोक में निर्माण विभाग के प्रभारी शफी अहमद ने जगन्नाथ मंदिर रोड़ में पैच रिपेयरिंग कार्य की जांच कराने और आरके ट्रेडर्स गली में नाली और सीसी रोड बनाने का निर्देश दिया है। नगर निगम लोक निर्माण विभाग सलाहकार समिति के सदस्यों और निर्माण विभाग के तकनीकी अमले के साथ शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। गांधी स्टेडियम में करीब पांच करोड़ की लागत से बन रहे मल्टी स्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम का काम समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टेडियम के सभी ब्लॉक का अवलोकन किया और खिलाड़ियों की सुविधा और विश्वस्तरीय मानक के अनुसार कोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। मायापुर और बंगली मैदान की संकरी गलियों में चल रहे नाली निर्माण को देखा और नालियों पर स्लैब रख कर गलियों की चौड़ाई बढ़ाने का निर्देश दिए। उन्होंने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पार्क के पास और तिवारी बिल्डिंग रोड़ में हुए डामरीकरण एवं पैच रिपेयरिंग का निरीक्षण किया। वार्ड के लोगो द्वारा अमानक रिपेयरिंग की शिकायत किए जाने पर जांच हेतु निर्देशित किया है। निरीक्षण के बीच जगन्नाथ मंदिर के समीप आरके ट्रेडर्स वाली गली के युवाओ ने श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष शफी अहमद से अपनी बस्ती देखने आग्रह किया। वहां की दुर्दशा देख वे चंभित रह गए। गली में भवन निर्माण के मलबे के ढेर लगा था। अघोषित गौशाला बने गली में चलना मुश्किल था। नालियां टूटी पड़ी थी। अहमद ने तत्काल निगम के अधिकारियों को तलब कर गली की सफाई कराया। उन्होंने आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भेज कर नीलाम कराने और गली में आवश्यकतानुसार नाली और पुलिया बनाने कहा है।

इस दौरान लोक निर्माण विभाग सलाहकार समिति के सदस्य पार्षद नरेश एक्का, नुजहत फातिमा, गीता रजक, पूर्णिमा सिंह, फिरदौस हसन, हसन खान, चन्द्र प्रताप सिंह मग्गू,काजू खान,ईई सन्तोष रवि, एसडीओ राम, दुष्यंत बजाज,प्रियंका, सतीश रवि,प्रदीप पैकरा, रत्नेश पैकरा और निर्माण विभाग के लोग साथ थे।

# सोशल मीडिया में विधायक की उपलब्धि गिनाने कि इतनी जल्दबाजी की फोटो किसी की और जानकारी किसी की

» क्या अपने पाले की गेंद दूसरे के पाले में डालने के मामले में महारत प्राप्त है मनेंद्रगढ़ विधायक को?

» विधायक के प्रतिनिधि ही विधायक की जल्दबाजी में करा रहे फजीहत।

- संवाददाता -
चिरमिरी 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के विधानसभा क्रमांक 2 के विधायक सलाहकार या यह कहें विधायक प्रतिनिधि विधायक की फजीहत कराने से बाज नहीं आ रहे हैं, विधायक को अपना कार्य दिखाने के चक्कर में विधायक की ही वह फजीहत करा दे रहे हैं, कुछ ऐसा ही वाकया तब हुआ जब व्हाट्सएप के एक प्रतिष्ठित समूह में उनके प्रतिनिधि ने विधायक की मुलाकात की फोटो किसी और के साथ वाली डाली और जानकारी किसी और की बताई, जिस फोटो को व्हाट्सएप समूह में डाला गया उसमें विधायक कुलपति से मुलाकात कर रहे हैं पर जानकारी एसईसीएल के सीएमडी से मुलाकात करने की डाल दी गई जिसके बाद उस समूह में ही उस प्रतिनिधि की फजीहत हो गई लोगों ने उस पर छींटाकशी शुरू कर दी की जानकारी तो सही है पर फोटो तो सीएमडी की नहीं है। हालांकि सोशल मीडिया में लोगों के द्वारा याद दिलाने पर गलती भी माननी और फिर तत्काल सुधार कर सही फोटो डाली गई।

अपनी नाकामी छुपाने के उद्देश्य से अपने पाले की गेंद दूसरे के पाले में डालने के मामले में महारत हासिल विधायक खुद तो अपने क्षेत्र में कोयला लोहा चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगवा पाने में अक्षम है वही मात्र दिखावे की गरज से कोयला कंपनी के सह प्रबंध निदेशक के बिलासपुर कार्यालय पहुंचकर उन्हें ज्ञापन देते वह नजर आए। सवाल यह उठता है कि खुद के उत्पादित कोयले और लौह सामग्री की सुरक्षा नहीं कर पाने वाले प्रबंधन की लचर कार्यप्रणाली जगजाहिर है।










एक वर्ष पूर्व थाने में खुद पहुंचकर कोयला लोहा चोरों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया गया था- ज्ञात हो कि विधायक जी के द्वारा पिछले एक वर्ष पूर्व चिरमिरी थाने में खुद पहुंचकर अपने समर्थकों के साथ इन कोयला लोहा चोरों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए थाने में आवेदन दिया गया था पर कुछ हुआ नहीं, पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्यवाही तो दूर महोदय के आवेदन के उपरांत तो चोरों ने अपनी उत्पादन और परिवहन की क्षमता 20 गुना बढ़ा दी है, जबकि विधायक जी के समर्थन वाली सरकार है सरकार में इनकी दखल भी तगड़ी है उनके एक इशारे पर किसी का भी स्थानांतरण सहित अन्य कार्यवाहीयां तुरंत होती रही है, चाहे वह चंदन गुप्ता का मामला हो या फिर चंदन शर्मा का या फिर श्रीमती सोनकर के पति का स्थानांतरण हो या फिर मनेंद्रगढ़ थाने में उनके विधि विरुद्ध कार्यवाही हो महोदय जी के एक इशारे पर नाचने वाले अधिकारी उनके आवेदन पर उचित कार्यवाही ना कर आखिर कोयला लोहा चोरी पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा पा रहे हैं?

### विधायक व महापौर एक ही घर से फिर भी समस्या दूर होने अगले जनप्रतिनिधि का कर रहे इंतजार?-

सनद रहे कि क्षेत्रीय विधायक पूर्व में भी एक ऐसी घटना को अंजाम दे चुके हैं, चुकी इनकी पत्नी स्वयं महापौर हैं पूरे चिरमिरी क्षेत्र के पेयजल सहित अन्य कार्यों के उपयोग के लिए पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की है, खुद आज तक 100 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचा नहीं सके हैं अपनी नाकामी को छुपाने के उद्देश्य से पूर्व तात्कालिक महाप्रबंधक के बंगले में स्वयं अपने समर्थकों के साथ बगले में घुसते नजर आए थे विधायक जी, जिसको लेकर उन्हें काफी किरकिरी का सामना करना पड़ा था, उन्होंने महाप्रबंधक की एक बैठक में पहुंचकर उसमें खेद भी व्यक्त किया था जिसका एक वीडियो बाजार में काफी दिनों तक वायरल होती रही है, यहां पर भी विधायक जी माइंड गेम खेलते नजर आए जबकि नगर निगम की जिम्मेदारी ही नागरिकों को मिलने वाली सभी बुनियादी सुविधाओं को प्रदान करने की है, जिसमें जल प्रदान करना अहम हिस्सा माना जाता है, इन सबके बीच बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि जो काम निगम और स्थानीय प्रशासन का है वह काम सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एवं महाप्रबंधक (जीएम) को विज्ञप्ति देकर जनता का गुमराह करना चाहते हैं,जनता सब जानती है और समझती हैं।

## गुम इंसान के परिजनों से मिले पुलिस अधीक्षक सूरजपुर,पुलिस अधिकारियों को संवेदनशीलता पूर्वक पतासाजी कर दस्तयाब करने दिए निर्देश

» ऑपरेशन मुस्कान के तहत 4 बालिका व 1 बालक को पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, झारखण्ड सहित दूसरे जिले से किया गया दस्तयाब।

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय रायपुर व पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा श्री रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर दिनांक 21.11.2022 से 20.12.2022 तक गुम इंसान की खोजबीन के लिए पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा जिला, दिगर जिला व राज्य में जाकर गुम इंसान के मिलने के संभावित स्थानों पर गंभीरतापूर्वक खोजबीन की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए



जिले के गुम इंसान के परिजनों से मुलाकात कर खोजबीन के बारे में चर्चा कर उनसे जाना कि पुलिस खोजबीन ठीक से कर रही है अथवा नहीं।

गुरूवार, 15 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के जिलेभर के अदम दस्तयाब गुम इंसान के परिजनों से मुलाकात कर उनके परिजन जो गुम हुए है उनके पतासाजी प्राथमिकता के आधार पर गंभीरतापूर्वक करने की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने परिजनों को बताया कि गुम इंसान की पतासाजी तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एवं विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारियों के आधार पर लगातार किया जा रहा है। खोजबीन के दौरान मिलने वाली छोटी-छोटी जानकारियों पर पुलिस की नजर है, जिला सहित दिगर राज्य में गुम इंसान के होने वाले संभावित स्थानों पर पुलिस गंभीरतापूर्वक खोजबीन करने के लिए दबिश दे रही है।

ज्ञात हो कि चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस के द्वारा 04 बालिका व 01 बालक को दिगर राज्य पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, दिगर जिला बिलासपुर व अम्बिकापुर से दस्तयाब किया गया है। वर्ष 2022 में कुल 7 बालक, 63 बालिका, 73 पुरूष व 186 महिला गुम हुए थे। जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा तत्परतापूर्वक पतासाजी करते हुए 7 बालक, 62 बालिका, 58 पुरूष व 143 महिलाओं को दस्तयाब कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया है। शेष गुम इंसान की पतासाजी गंभीरतापूर्वक की जा रही है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी सहित थाना-चौकी प्रभारी व विवेचकगण मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की संभागीय बैठक संपन्न

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की संभागीय बैठक रजवार धर्मशाला रिंग रोड नमदगिरी सूरजपुर में संपन्न हुआ जिसमें अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले सभी जाति के समाज प्रमुखों की उपस्थिति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान रमेश यदू जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ इस बैठक में सभी समाज के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी उद्बोधन में सभी को एक दूसरे के साथ आपसी भाईचारा तथा आपसी सहयोग के साथ चल कर काम करने पर जोर दिए बैठक में प्रदेश महिला अध्यक्ष धनमती यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे बैठक में संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विस्तार किए जाने हेतु जोर दिया गया बैठक में प्रमुख रूप से संजय यादव, विजय मरपच्ची रामजीत पनिका, नवीन जयसवाल, बृजमोहन गोड रामविलास साहू, रामनिवास साहू जोखन साहू, मदन जयसवाल, निखिल विश्वकर्मा, तोशित कुशवाहा छतर लाल सांवरे, मोतीलाल पैकरा, रामकुमार बंछोर, जुनास एक्का, राम लखन कुर्रे, जीतराम राजवाड़े, सहदेव राजवाड़े, राम लखन सिंह, मुकेश राजवाड़े, महेश पैकरा देवनारायण चेरवा, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, देवमुनिया साहू, ओमप्रकाश रजवाड़े,ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, जिला सचिव मनीष दीपक साहू तथा और कई समाज के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थिति रहे तथा उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन तोयात्मा राजवाड़े एवं आभार प्रदर्शन अरुण राजवाड़े जी के द्वारा किया गया ।

## बभनी उत्तरप्रदेश के नशीली कफ सिरप सप्लाई चैन पर चौकी बसदेई पुलिस ने किया कार्यवाही

### मेडिकल स्टोर संचालक सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



बीते 08 दिसम्बर को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रेलवे स्टेशन उंचडीह के पास घेराबंदी कर आरोपी मंगल राजवाड़े उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पसला, थाना सूरजपुर को पकड़ा था जिसके कब्जे से ओनरेक्स कफ सिरप 150 नग जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 12 हजार रूपये को जप्त एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया था कि सोनभद्र जिला के बैजू ठाकुर से नशीली कफ सिरप लिया था, नशीली कफ सिरप को मॉ अम्बे मेडिकल स्टोर बभनी के संचालक राकेश कुमार के द्वारा बिक्री करवाया जाता है।

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने नशे की वस्तु के सप्लाई चैन को तोड़ने एवं मामले में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव पुलिस टीम के साथ बीते दिन बभनी में दबिश देकर मेडिकल स्टोर संचालक आरोपी राकेश कुमार पिता सुदर्शन प्रसाद उम्र 24 वर्ष निवासी जूर्रा, थाना म्योरपुर, जिला सोनभद्र, हाल मुकाम बभनी, जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश एवं उसके साथी बैजनाथ शर्मा उर्फ बैजू ठाकुर पिता स्व. रामकिशोर शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी बभनी जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश को पकड़ा गया। पूछताछ पर मेडिकल स्टोर संचालक आरोपी राकेश ने बताया कि स्टोर में कफ सिरप को मंगाने के बाद पकड़े जाने के डर से बैजू ठाकुर के माध्यम से बिक्री करवाता था। आरोपियों के द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप का अवैध रूप से व्यापार का वित्त पोषण करना, अपराध में इनके द्वारा दुष्प्रेरण और अपराधिक षड़यंत्र करना पाए जाने पर धारा 21(सी), 27(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अमित सिंह, अभय तिवारी व देवदत्त दुबे सक्रिय रहे।

## एल्यूमीनियम प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने खाद्य मंत्री को घेरा

**सुनाई खरी-खोटी, सुरक्षाकर्मियों ने जैसे-तैसे निकाला**

**मौके पर मौजूद अन्य अधिकारियों व पुलिस की टीम को देर शाम तक ग्रामीणों ने घेरे रखा, बतौली ब्लॉक के ग्राम चिरगा में मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम प्लांट का मामला**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बतौली विकासखंड के ग्राम चिरगा में मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम प्लांट लगाया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों द्वारा शुरु से ही विरोध किया जा रहा है। इसके बावजूद प्लांट का काम जारी है। गुरुवार को भी ग्रामीणों द्वारा एल्यूमिनियम प्लांट का विरोध किया जा रहा था। इसी बीच उन्हें समझाइश देने पहुंचे प्रदेश के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को भी ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने उनका घेराव कर दिया। लोगों का आक्रोश देखकर खाद्य मंत्री को जैसे-तैसे वहां से निकालकर सुरक्षाकर्मी गांव से निकल गए। वहीं घटना के बाद भी अधिकारियों व पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेर रखा है।

खाद्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र के बतौली विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम चिरगा में मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम प्लांट लगाए जाने का प्रस्ताव है। इसे लेकर वहां के ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से इस प्लांट का



विरोध किया जा रहा है जिससे इसका निर्माण कार्य अटका पड़ा है।

गुरुवार की दोपहर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत अपने निर्वाचन क्षेत्र सीतापुर विधानसभा के दौरे पर थे। जब उन्हें ये सूचना मिली कि एल्यूमिनियम प्लांट के विरोध में ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को घेरकर विरोध किया जा रहा है तो वे भी मौके पर पहुंच गए। खाद्य मंत्री गांव में पहुंचकर लोगों से उनके विरोध का कारण जानने व उन्हें समझाइश देने के लिए पहुंचे थे। जब खाद्य मंत्री उनसे चर्चा करने लगे तो ग्रामीण उन पर नाराज हो गए।

खाद्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र के बतौली विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम चिरगा में मां कुदरगढ़ी एल्यूमिनियम प्लांट लगाए जाने का प्रस्ताव है। इसे लेकर वहां के ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से इस प्लांट का विरोध किया जा रहा है जिससे इसका निर्माण कार्य अटका पड़ा है।

गुरुवार की दोपहर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत अपने निर्वाचन क्षेत्र सीतापुर विधानसभा के दौरे पर थे। जब उन्हें ये सूचना मिली कि एल्यूमिनियम प्लांट के विरोध में ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को घेरकर विरोध किया जा रहा है तो वे भी मौके पर पहुंच गए। खाद्य मंत्री गांव में पहुंचकर लोगों से उनके विरोध का कारण जानने व उन्हें समझाइश देने के लिए पहुंचे थे। जब खाद्य मंत्री उनसे चर्चा करने लगे तो ग्रामीण उन पर नाराज हो गए।

### नारेबाजी कर सुनाई खरी-खोटी

सूत्रों के अनुसार मंत्री से नाराज स्थानीय लोगों ने वहां नारेबाजी प्रारंभ कर दी व उन्हें खरी-खोटी सुनाने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें घेर रखा था। स्थिति को बिगड़ता देखकर तत्काल क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल मंगाया गया। इसके बाद जैसे-तैसे उनके सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें भीड़ से निकाला। इसके बाद खाद्य मंत्री गांव से रवाना हो गए।

# पत्रकार सुरक्षा कानून देश मे लागू कराने 2 अक्टूबर 2023 को गुजरात के पोरबंदर से दिल्ली तक यात्रा निकाली जायेगी: ज़िग्नेश कालावाडिया

» अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की राष्ट्रीय बैठक छत्तीसगढ़ मे सम्पन्न हुईःगोविन्द शर्मा

» पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर निकलने वाली यात्रा 20 राज्यों से होकर गुजरेगी जिसमे सभी पत्रकार संगठनों,पत्रकारों से समर्थन जुटायेगी

» पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति भारत का दिल्ली मे अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेग

- संवाददाता -
सारंगढ़/कोरिया15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़। राष्ट्रीय बैठक छत्तीसगढ़ की पान पानी पायलगी की भूमि सारंगढ़ मे समापन्न हुइ देश के कई राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। देश में पत्रकारों की एक सूत्रीय पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति अगले वर्ष दो अक्टूबर 2023 को पोरबन्दर गुजरात से दिल्ली तक की दस हजार किमी लम्बी यात्रा निकालेगी। रविवार को सारंगढ़ के टमटोरा पर्यटन केन्द्र परिसर में सम्पन्न एबीपीएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलवाडिया ने बैठक को




सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के बड़े व केन्द्र सरकार के श्रम संसाधन मंत्रालय द्वारा पंजीकृत संगठन एबीपीएसएस के लगभग एक दर्जन प्रतिनिधि पत्रकार हितार्थ देश के बीस राज्यों से होकर पत्रकार सुरक्षा यात्रा निकलेंगे जिसका नेतृत्व वे खुद करेंगे। उन्होंने बताया कि लगभग दो महीने तक अनवरत चलने वाले उक्त यात्रा के माध्यम से देश के पत्रकारों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के समापन के पश्चात दिल्ली में देश भर से हजारों पत्रकारों को इकठ्ठा कर रैली तथा अनिश्चित कालीन आंदोलन का आगाज किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह को एबीपीएसएस का प्रदेश संयोजक बिहार मनोनीत किया गया। प्रदेश संयोजक मनोनीत किये जाने के बाद मनोज कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में बताया कि बिहार के सभी जिलों व प्रखंडों में पत्रकारों की बैठक आयोजित करके फरवरी महीने तक संगठन का नया स्वरूप तैयार कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव महफूज खान ने बताया कि फरवरी महीने में महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा सभी राज्यों के प्रदेश आध्यक्षों पत्रकारों की बैठक आयोजित कर पत्रकार सुरक्षा यात्रा की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में राकेश प्रताप सिंह परिहार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,महफूज खान राष्ट्रीय महासचिव, गोविंद शर्मा (प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़) रत्नाकर त्रिपाठी राष्ट्रीय महासचिव, बीरबल शर्मा राष्ट्रिय सचिव, अजय परमार(प्रदेश अध्यक्ष गुजरात), शेख रईस ,जीतु भाई,तथा डॉ बसन्त सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# इश्क मिजाजी अधिकारी पर एसईसीएल प्रबंधन क्यों है मेहरबान,सीएमडी कर पाएंगे कार्यवाही ?

- » एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के एक इश्क मिजाजी अधिकारी इस समय सुर्खियों में
- » इश्क मिजाजी अधिकारी को बचाने के लिए कर्मचारी संघ अपने कर्मचारी को छोड़ अधिकारी को बचाने के जद्दोजहद में
- » अधिकारी पर श्रमिक संगठन ऐसा मेहरबान की अधिकारी से माफी मंगा के पूरे मामले का करा रहे पटाक्षेप
- » महिला कर्मचारी को मिली धमकी यदि कि एफआईआर करायी दर्ज तो जाना पड़ेगा तालचर
- » महिला कर्मचारी ना पहुंचे थाने इसलिए महिला कर्मचारी को समझाने बुझाने से लेकर धमकी तक में जुट गये लोग
- » महिला कर्मचारी की पीड़ा समझने को नहीं है कोई तैयार आखिर क्यों अधिकारी को बचाना चाह रहे हैं तमाम दल ?
- » महिला कर्मचारी ने उच्च अधिकारी से किया शिकायत आंतरिक जाँच समिति हुई गठित, जाँच भी प्रभावित करने की हो रही कोशिश
- » महिला कर्मचारी के आत्म सम्मान को पहुंचा ठेस, अधिकारी को मिले सजा पिड़ित महिला की मंषा
- » क्या विभाग करेगा महिला कर्मचारी के साथ न्याय या फिर अधिकारी को बचाने करेगा सहयोग ?
- » खबर प्रकाशन पर तिलमिलाये सहक्षेत्र प्रबंधक पत्रकार के घर वाले को परेषान करने की कर रहे कोशिश







- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में पदस्थ एक कार्मिक प्रबंधक जो काफी अच्छे पद पर पदस्थ हैं पर इनकी नियत अच्छी ना होने की वजह से यह कुछ इशक मिजाजी बन गए। इनकी इश्क मिजाजी की वजह से एक महिला के आत्म सम्मान को ठेस पहुंचा उस महिला के लज्जा भंग किया गया। वह महिला कोई और नहीं इनके अधीनस्थ काम करने वाली कर्मचारी थी। महिला सहकर्मी ने उस कार्मिक प्रबंधक अधिकारी के विरूद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायत सह क्षेत्र प्रबंधक से लेकर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर तक की है पर उस अधिकारी के खिलाफ अभी तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई। मामले को दबाने के लिए सिर्फ स्थानांतरण कर जांच टीम गठित कर दी गई पर इस जांच टीम की रिपोर्ट कब आएगी कब उस महिला को न्याय मिलेगा इसका पता नहीं।

एक एसईसीएल अधिकारी जो एसईसीएल में सुर्खियां बटोर रहे है यह सुर्खियां कोई अच्छे कार्य की नहीं अपनी गलत नजररिये की वजह से है। इनके खिलाफ चरचा कॉलरी में रहते हुये भी सुर्खियों में रहे और वहां से स्थानांतरण होने के बाद जब सहक्षेत्र कटकोना में कार्मिक प्रबंधन की जिम्मेदारी में भेजा गया तो वहां भी महिला के प्रति गलत नजरिये से सुर्खियों में आ गये। इस बार इनका इतना बड़ा आरोप लगा है उसके बावजुद इनके उच्च अधिकारी इन पर कार्यवाही करने से कतरा रहे है ऐसा लग रहा है कि इनके उच्च अधिकारी अपने इस अधिकारी से घबरा गये है। और अपने अधिकारी को बचाने में लग गये है। इस अधिकारी को बचाने के चक्कर में पूरा एसईसीएल विभाग ही बदनामी का दंष झेल रहा है।

### अधीनस्त महिला सहकर्मी से की शर्मसार करने वाली हरकत-

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत से क्षेत्र कटकोना में पदस्थ कार्मिक प्रबंधक ने अपने नीचे काम कर रही महिला कर्मचारी के साथ शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया। जो इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है अपनी महिला कर्मचारी के लिए उसने गलत नियत रखते हुए उसके साथ जो व्यवहार किया उसे लेकर पूरे एसईसीएल महकमें को को शर्मिंदा कर दिया। महिला कर्मचारी ने अधिकारी द्वारा किए गए कारनामे की षिकायत बतौर अपने उच्च अधिकारी याने कि सहक्षेत्र प्रबंधक से इसकी शिकायत की और कार्यवाही करने की मांग की इस बात की जानकारी एसईसीएल महाप्रबंधक बैकुंठपुर तक भी पहुंची पर कार्यवाही से बचाने का प्रयास भी लगातार किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो माफी से ही मामले को निपटाने का प्रयास किया जा रहा है मामला दब जाए इसलिए स्थानांतरण की कार्यवाही की गई है पर क्या इस कार्यवाही से महिला को न्याय मिलेगा? जहां पर उच्च अधिकारियों को तत्काल उसे पद से पृथक कर इसकी निष्पक्ष जांच करनी थी पर उसे पदस्थ कर जांच कराई जा रही है ऐसे में जांच कैसे निष्पक्ष होगा और कैसे महिला को न्याय मिलेगा यह बड़ा सवाल है।

### एसईसीएल के आंतरिक जाँच समिति को प्रभावित करने की हो रही कोशिस

महिला ने जब जनरल मैनेजर व सब एरिया से उसके साथ हुए शर्मसार हरकत की लिखित शिकायत किया तब एसईसीएल संस्थान ने यौन उत्पीड़न मामले की जाँच आंतरिक शिकायत समिति हवाले कर दिया। इस मामले में जाँच समिति ने दोनों पक्ष के बयान दर्ज तो किये पर उनके जांच को प्रभावित करने का दबाव बनाया जा रहा है पिड़ित ने आशंका जताते हुए बताया की जाँच दल जिसके खिलाफ जाँच करने आयी उसके टेबल में ही चाय नास्ता करते दिखी।

### इशक मिजाजी अधिकारी कितना प्रभावशील के अधिकारी भी कार्यवाही करने से डर रहे?

एसईसीएल में पदस्थ कार्मिक प्रबंधक प्रभावशील है इसका अंदाजा ऐसे लगाया जा सकता है कि उच्च अधिकारी के साथ श्रमिक संघ के नेता भी उन्हें बचाने के लिये महिला पर दबाव बनाया गया यहां तक कि महिला को गाहेगवाहे अंदाज में कि तुम महिला हो और इसी कम्पनी में रहना है यदि षिकायत की एफआईआर हुयी तो तुम्हे इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने के बावजूद उस पर कार्यवाही नहीं की जा रही कार्यवाही को दिन प्रतिदिन समय के साथ टाला जा रहा है। घटना को 15 दिन बीत चुके पर कार्यवाही के नाम पर अभी तक एसईसीएल ने सिर्फ समय ही व्यर्थ किया है कार्यवाही अभी तक शून्य है। एसईसीएल के प्रबंधक भी इस बात को जानने के बावजूद क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं ऐसे कर्मचारी पर क्यों निलंबन की कार्यवाही नहीं हो रहा है?

### महाप्रबंधक, सहक्षेत्र प्रबंधक व श्रमिक संगठनो के पदाधिकारी ने बेचा जमीर महिला को छोड़ अधिकारी के बने ढाल

एसईसीएल महाप्रबंधक बैकुण्ठपुर, एसईसीएल सहक्षेत्र प्रबंधक कटकोना व नामचीन श्रमिक संगठन के बड़े-बड़े पदाधिकारी इस शर्मसार होने वाले घटना के बीच अपना जमीर बेच महिला के आत्म सम्मान की चिंता किये बगैर गलत नियत रखने वाले अधिकारी के हो गये मुरीद और बचाव में उनके ढाल बनकर खड़े हो गये है महिला के सम्मान की चिंता बिलकुल भी इन दो कौढ़ी के लोगों को नहीं है। इतना ज्यादा नीचता में आ जायेंगे कि महिला को एफआईआर करने पर धमकी तक दे देंगे। महिला थाने के दरवाजे तक अभी तक इसलिए नहीं पहुंच पायी क्योंकि उसे लगा कि उसके विभाग के अधिकारी कुछ ऐसी कार्यवाही करेंगे जिससे उसको सम्मान मिले। वहीं दोषी अधिकारी पर कार्यवाही होने से भविष्य में ऐसी नौबत दुबारा नहीं होगी।

---

**स्वतंत्र विचार**

# सेटिंग सिंह कहां में निकल लूँ, मैंने कहा नहीं पूरी बात तो बताइए

- » क्या हर विभाग में है सेटिंग और जुगाड़ का खेल, जहां है भ्रष्ट अधिकारी ?
- » भ्रष्ट अधिकारियों के लिए ही अलग-अलग रूप में सेटिंग सिंह कर रहे काम




- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एक व्यक्ति के सपने में सेटिंग सिंह आ गए कहा मेरे से दिक्कत क्या है मैं यहां से निकलूं क्या? पहले तो उस व्यक्ति ने कहा नहीं पहले आप पूरी बात तो बताइए कि आप इतने प्रसिद्ध कैसे हैं? तो उन्होंने बताना शुरू किया कहा जैसे भगवान हर अच्छे जगह विराजमान है उसी प्रकार मैं हर भ्रष्टाचार वाले विभाग में विराजमान हूं, जहां पर इंसानियत नहीं सिर्फ पैसे को देखा जाता है, जैसे हर एक परेशानी में डूबा हुआ व्यक्ति भगवान को याद करता है ठीक उसी प्रकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ व्यक्ति मुझे याद करता है, मेरी जरूरत सरकारी तंत्र के हर उस विभाग में है जहां पर जिम्मेदार पद पर बैठे लोग मेरे माध्यम से जमकर भ्रष्टाचार करते हैं, मैं हर विभाग में हर एक अलग रूप में मिल जाऊंगा चाहे वह न्याय का मंदिर हो या फिर किसी गरीब की रोजी-रोटी छीनने का विभाग हो, किसी गरीब के स्वास्थ्य से संबंधित विभाग हो हर विभाग में जब मुझे कोई याद करता है तो मैं वहां पहुंच जाता हूं चाहे वह किसी भी रूप में मुझे पहुंचना पड़े, देश व राज्यों के जिलों में जिस जिम्मेदार पद पर बैठे लोग भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए है वहां पर दया मया कुछ बचा ही नहीं सिर्फ बचा है तो लूट खसोट, लूट खसोट करने के लिए भी सेटिंग सिंह जैसे लोग भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं, भ्रष्टाचार की दुनिया में सेटिंग सिंह जैसे लोगों की एक बड़ी टीम काम कर रही है।

आज सेटिंग कहें या भ्रष्टाचार आज की पीढ़ी जमकर इसमें डूबी हुई है। पहले भ्रष्टाचार भी सीमित हुआ करता था और भ्रष्टाचार को बड़ा कलंक माना जाता था आज वही परंपरा बन चुकी है और लोग जिसे जब मौका मिलता है इसमें डूब जाता है और फिर उसे कुछ और ख्याल नहीं रहता केवल भ्रस्टाचार ही याद रहता है। शासकीय जमीन का मामला हो, थाना फौजदारी का मामला हो, जंगल विभाग की बात हो खनिज विभाग का मामला हो सिंचाई, जल, मछ्ली, किसी भी शासकीय विभाग का मामला हो सभी जगह सेटिंग से भ्रस्टाचार जारी है और जमकर लूट मची हुई है। कोई किसी से पीछे नहीं रहने वाला है,आज भूमाफिया के तौर पर सबसे आगे बढ़कर काम यदि कोई जमीन खरीद फरोख्त का कर रहा है तो वह शासकीय विभाग का अधिकारी कर्मचारी कर रहा है जिसके पास हर भूमाफिया भी नतमस्तक है जिसका काम ही यही है। अवैध रूप से कमाई का जरिया जिस भी शासकीय अधिकारी कर्मचारी के पास है वह लगातार कुबेर के खजाने की चाभी तक पहुंचता चला जा रहा है और साधन संपन्न होता जा रहा है। जिस प्रकार सेटिंग से भ्रस्टाचार जारी है उसको देखकर यही कहा जा सकता है कि अब यह रुकने वाला नहीं है और साथ ही इसमे लिप्त कोई भी किसी कीमत पर इससे परहेज नहीं करने वाला भले ही इससे किसी का नुकसान हो या राज्य या प्रदेश को ही हानि क्यों न हो किसी को इससे सरोकार नहीं है।

---

# केवि चिरिमिरी ने मनाया केंद्रीय विद्यालय संगठन का 59 वां स्थापना दिवस




- संवाददाता -
चिरमिरी/मनेन्द्रगढ़ 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

केंद्रीय विद्यालय चिरिमिरी में केंद्रीय विद्यालय संगठन का 59 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान एवं विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुवाती दौर में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षक योगेश कुमार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाया एवं उसके स्थापना,उपलब्धियों, लक्ष्य व शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित कीर्तिमानों पर प्रकाश डाला। शिक्षक आशीष मद्धेशिया ने भी केंद्रीय विद्यालय संगठन के बारे में अपना विचार प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन जिसका मुख्य उद्देश्य रक्षा तथा अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा के एक समान पाठ्यक्रम के तहत शिक्षा प्रदान कर विद्यालयी शिक्षा को उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचाना है । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में असीम ऊर्जा होती है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को इसके रचनात्मक उपयोग का संकल्प लेना चाहिए।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्रीय विद्यालय देश का सबसे बड़ा शैक्षिक संगठन है और यहाँ के विद्यालयों में देश के भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। उसे स्वयं में छिपी उस प्रतिभा को पहचानकर निखारना होता है। केन्द्रीय विद्यालय इस कार्य में उसकी सहायता करते हैं और उनके अच्छे चरित्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसईसीएल चिरमिरी के क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ध्रुव ज्योति चक्रवर्ती, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक संजय दास, एसओ सिविल प्रभाकर गोलाईट एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुती देकर सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सीसीए प्रभारी डॉ विनोता पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन स्नातकोत्तर शिक्षक अखिलेश कुमार दुबे ने की ।

---

# पक्ष-विपक्ष को जनता से नहीं कोई सरोकार,जनता के लिए गोड़वाना गणतंत्र पार्टी भर रही हूंकार

**पक्ष विपक्ष को जनता से नहीं कोई सरोकार, जनता के लिए गोड़वाना गणतंत्र पार्टी भर रही हूंकार**

- » सत्ता सता रही तो विपक्ष भी मौन, गोड़वाना जनता के लिए उत्तरी मैदान में
- » जिलाध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने विधायक से 4 वर्षों के काम का मांगा पूरा हिसाब






- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिले में दोनों राष्ट्रीय पार्टियां जनता के मुद्दे को लेकर निरंकुश दिख रही हैं एक के हाथ में सत्ता है तो सत्ता के बावजूद जनता से सरोकार नहीं दिख रहा है, वहीं दूसरा विपक्ष में बैठकर भी जनता की समस्याओं को देखकर मौन बैठा है, जनता के लिए इस समय कोई रोशनी की चिंगारी दिखा रहा है तो वह है गोड़वाना गणतंत्र पार्टी लोग भले ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को एक समुदाय विशेष से जोड़ कर देखते हैं पर यह एक ऐसी पार्टी है जिसका नाम भले ही एक समुदाय विशेष से जुड़ा हो पर चिंता तो यह सब की करते हैं, इस समय लोगों के हित के लिए गोड़वाना गणतंत्र पार्टी विरोध के स्वर अपनाती नजर आ रही है और मैदान में जनता के लिए लड़ाई लड़ने उतर चुकी है, इनकी लड़ाई सिर्फ इतनी हैं कि जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि जनता के लिए काम करें ना कि अपने जेब भरने के लिए काम करें।

गोगपा एमसीबी जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम अपने विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरों से जनता से जुड़े सवालों को पूछ रहे हैं उनका सवाल है कि बिजली और कानून व्यवस्था को लेकर प्रेस मीडिया सोशल मीडिया पर जो काम बता रहे हैं क्षेत्रीय विधायक उसका प्रमाण क्या है? झूठे वादे के सिवा कोई काम कांग्रेस सरकार के विधायक ने नहीं किया है डोमनापारा से शंकरगढ़ मार्ग में पुल निर्माण हेतु 271.92 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक कमरो ने कहा कि बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों के लिए शीघ्र टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश की भूपेश सरकार बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था आदि सभी क्षेत्रों में अच्छे कार्य कर रही है, प्रदेश की प्रथम विधानसभा का दर्जा प्राप्त, भरतपुर-सोनहत में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। भरतपुर सोनहत विधानसभा में सड़क और पुल-पुलियों के लिए अब तक प्रदेश सरकार की ओर से बड़ी राशि मंजूर की जा चुकी है और प्रस्तावित विकास कार्यों का गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन भी हो रहा है सोशल मीडिया पर खबर प्रकाशित होने पर गोगपा एमसीबी जिला अध्यक्ष ने विधायक के सभी बातों को खोखला बताते हुए कहा की कांग्रेस सत्ता में आने के बाद वादा की थी बिजली बिल हाफ होगा वह तो हुआ नहीं प्रधानमंत्री नल योजना का कार्य भी अभी पूर्ण नहीं हुआ, बीजेपी ने भी जिला में कोई कार्य नहीं किया 4 वर्ष पूरे होने को है ग्राम पंचायत चनवारीडान्ड दो किलोमीटर का है नाली निर्माण का कार्य अब तक नहीं हुआ मुश्किल से 25 से 30 लाख लागत का काम है। पूर्व में चंपा देवी पावले ने भी उस कार्य को नहीं किया, जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने बताया की विधायक महोदय बताएं, क्या-क्या काम 4 वर्षों में हुआ है, उसका पूरा हिसाब जनता को दें, अपने 4 साल की उपलब्धि तो खबर प्रकाशित करवा चुके अब हिसाब दे विधायक, सिर्फ और सिर्फ ठगने के अलावा मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में कोई कार्य नहीं हुआ है। एमसीबी जिला तो बना लेकिन कानून प्रशासन की बात करते हैं। मनेंद्रगढ़ थाने में उप निरीक्षक की बजाए थाना निरीक्षक अब तक नियुक्त क्यों नहीं किए गए यह बड़ा सवाल है,इसको लेकर भी जिलाध्यक्ष गोंगपा लगातार प्रश्न उठा रहे हैं। उन्होने मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की दोषपूर्ण कार्यप्रणाली की कई बार शिकायत भी की है और नए निरीक्षक की पदस्थापना की बात भी वह करते आ रहें हैं। गोंगपा की सक्रियता देखकर लगता है कि जनसरोकार से जुड़े मामलों को लेकर वह गंभीर बनी रहने वाली है और लगातार सरकार के कामकाजों का हिसाब वह मांगने वाली है। गोंगपा की सक्रियता देखकर यह भी लगता है कि भविष्य में गोंगपा प्रदेश स्तर तक अपनी सक्रियता बढ़ाकर सत्ता के लिए अपना मजबूत दावा पेश करेगा।

CMYK

# प्रस्ताव पंजी मे फर्जी हस्ताक्षर एवं आहरण के जाच के बाद भी क्यों नहीं हुआ खुलासा

» शिकायत जाच हुए लगभग बीस दिन हो चुके जाच की रिपोर्ट का खुलासा जनता के सामने नहीं हुआ

» जाच कर्ता अधिकारी ने कहा की शिकायत जाच करने शिकायत सही है

» फर्जी हस्ताक्षर एवं आहरण मामले मे कब होगी कार्यवाही





- राजेन्द्र कुमार शर्मा -
खडगवा, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत रतनपुर के सरपंच सचिव द्वारा प्रस्ताव पंजी में फर्जी हस्ताक्षर कर राशि आहरण के मामले की शिकायत को लगभग 20 दिन बीत चुके हैं उसके बाद भी जांचकर्ता अधिकारी ने जाच रिपोर्ट ग्राम पंचायत की जनता के सामने नहीं किया गया है क्या अभी लीपापोती चल रही है?

ग्राम पंचायत के पंचो ने लिखित शिकायत सरपंच सचिव द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर राशि आहरण की शिकायत दिनांक 21/11/22 को कलेक्टर एमसीबी से की गई थी और दिनांक 22/11/22 को पंचों ने शपथ पत्र के माध्यम से अपनी शिकायत एसडीएम खडगवां से भी किया गया था।

जनपद पंचायत खडगवां सीईओ के द्वारा शिकायत की जांच हेतु करारोपण अधिकारी पैत्रिक एकका को ग्राम पंचायत रतनपुर भेजा गया था जहां उन्होंने सभी पंचो का बयान दर्ज कर शिकायत संबंधी सभी पहलुओं की जांच की गई। और आज दिनांक तक जांच रिपोर्ट जनता के सामने नहीं आ पाई है।

उक्त मामले की जांच के वक्त ग्राम पंचायत के 12 पंचो है जिनमें से 7 पंच प्रस्ताव पंजी में सरपंच सचिव द्वारा फर्जी हस्ताक्षर की तस्दीक कर रहे थे।जबकि पांच पंच सरपंच सचिव के पक्ष में थे बैठक की जानकारी पंचों को नहीं दी गई थी पंचों को बैठक की जानकारी देने के संबंध में सरपंच सचिव कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए थे।

सूत्रों से ये भी जानकारी मिल रही है कि जनपद पंचायत सतर के अधिकारी कार्य ना कर मामले को सुलाह करने मे लगे हैं और ये भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि एक राउंड की बात चीत हो चुकी है।

खडगवा जनपद पंचायत का यही हाल है ज्यादातर शिकायतों के मामले में देखने को सिर्फ जाच होती है और कार्य वाही का कोई पता नहीं कब हो जाती है? ये खेल पिछले कई वषों से चला आ रहा है।

जाच कर्ता अधिकारी पात्रिक एकका से जानकारी प्राप्त करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# बकाया राशि को लेकर नगर निगम सख्त,वसूली अभियान पर दिया जोर



- संवाददाता -
कोरबा, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा नगर निगम ने अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए कई उपाय अपनाने पर जोर दे रही है। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी संपत्ति किराये पर देने वाले निगम ने उन किरायेदारों से अब तक सवा दो करोड़ रुपए की वसूली की जो किराया देने के मामले में ठंडा रुख अपनाए हुए थे। निगम को लगभग इतनी ही राशि और वसूलना है, इसके लिए उनका अभियान सतत जारी है । 67 वार्डों में नगर निगम कोरबा का विस्तार है। बीते वर्षों में निगम के द्वारा सात जोन के अंतर्गत अलग-अलग आकार की दुकानें बनाई गई है। श्रेणीवार आवंटन के साथ निगम इस प्रकार के व्यवसायिक प्रयोजन वाली दुकानों से अच्छा राजस्व अर्जित कर रहा है। बताया गया कि संपदा का उपयोग करने के साथ अनेक मामलों में संबंधित लोग समय पर किराया अदा करने को लेकर जागरूक नहीं हैं इसलिए अरसे बाद बकायेदारों की लिस्ट काफी लंबी हो चली है। लंबे समय से कर की अदायगी नहीं करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ निगम ने सख्त कार्रवाई करने का दौर भी शुरू कर दि है। तालाबंदी कर उनसे बकाया रकम की वसूली की जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया, कि उन्हें करीब साढ़े चार करोड़ की भारी-भरकम राशि वसूलने है जिसके लिए 56 दुकानों की तालाबंदी कर दो करोड़ 25 लाख रुपए वसूल लिए गए है। बाकी के लगभग ढाई करोड़ की वसूली के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह भी कहा, कि जो दुकानदार पिछले लंबे समय से किराए की अदायगी नहीं किए हैं उनके दुकानों की लीज निरस्ती करण की कार्यवाही भी की जाएगी। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट रूप व सख्त लहजे से कह दिया है कि जो दुकानदार बकाए राशि का भुगतान नहीं किए हैं उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा और हर हाल में किराए के राशि की वसूली की जाएगी।

# निजात अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र शासकीय माध्यमिक शाला में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



- संवाददाता -
कोरबा, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शासकीय माध्यमिक शाला कोरबा कक्षा छठवीं एवं आठवीं के लगभग 150 छात्राओं एवं स्टाफ उपस्थित थे द्ध पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत। थाना कोतवाली के शासकीय माध्यमिक शाला कोरबा टाउन कोरबा के छात्राओं एवं स्टाफ को , *हमर बेटी हमर मान,अभिव्यक्ति, साइबर क्राइम गुड टच बैड टच,ट्रैफिक नियमों* के बारे में विस्तृत जानकारी देकर नाबालिग बच्चों को गाड़ी न चलाने देने के संबंध में जानकारी देकर स्कूल के छात्रों द्वारा विद्यालय से पुराना बस स्टैंड, इतवारी बाजार, रानी रोड होते हुए रैली निकाल कर निजात अभियान के बारे में जन जागरूक फैलाया गया गया। शासकीय माध्यमिक शाला कोरबा के बच्चों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताकर नशे से दूर रहने बुराइयों से बचने की सलाह दिया गया तथा शाला के प्रधान पाठिका ने उक्त कार्यक्रम की सराहना की। कोरबा पुलिस द्वारा शुरू किया गया निजात अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

# जैन तीर्थ 'सम्मेद शिखरजी बचाओ आंदोलन 'के समर्थन में सकल जैन समाज द्वारा अपर कलेक्टर को दिया गया ज्ञापन

- संवाददाता -
कोरबा, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सकल जैन समाज कोरबा द्वारा जैन मिलन समिति के बैनर के माध्यम से 20 तीर्थंकरों और अनंत संतो के मोक्ष स्थल श्री सम्मेद शिखरजी ÷पारसनाथ पर्वतराज÷ गिरिडीह( झारखंड) की स्वतंत्र पहचान ,पवित्रता और संरक्षण हेतु ÷सम्मेद शिखर जी बचाओ आंदोलन ÷के समर्थन में सकल जैन समाज के द्वारा अपर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें सकल जैन समाज द्वारा प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार से मांग की गई। (1)पारसनाथ पर्वत राज को वन्य जीव अभ्यारण्य पर्यावरण पर्यटन के लिए घोषित इको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत जोनल मास्टर प्लान व पर्यटन मास्टर प्लान, पर्यटन/ धार्मिक पर्यटन सूची से बाहर किया जाए। (2) पारसनाथ पर्वत राज को बिना जैन समाज की सहमति के इको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत वन्यजीव अभयारण्य का ÷एक भाग ÷और ÷ तीर्थ ÷माना जाता है, तीर्थराज की



स्वतंत्र पहचान व पवित्रता नष्ट करने वाली झारखंड सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 2795 दिनांक 02 अगस्त 2019 को अभिलंब रद्द किया जाए। (3) पारसनाथ पर्वत राज और मधुबन को मांस मदिरा बिक्री मुक्त पवित्र जैन तीर्थ स्थल घोषित किया जाए। (4 )पर्वतराज की वंदना मार्ग को अतिक्रमण ,वाहन संचालन व अवैध सामग्री बिक्री मुक्त कर यात्री पंजीकरण ,सामान्य जांच हेतु सीआरपीएफ व स्कैनर सीसीटीवी कैमरे सहित दो चेकपोस्ट चिकित्सा सुविधा सहित बनाया जाए। (5) पर्वतराज के पेड़ों का अवैध कटान ,पत्थरों का अवैध खनन और महुआ के लिए आग लगाना प्रतिबंधित हो ।इस प्रकार सकल जैन समाज द्वारा प्रधानमंत्री को अपनी मांगों को मनवाने हेतु अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटिल को ज्ञापन सौंपा गया द्ध जिसमें दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष जयकुमार जैन सचिव राजीव कुमार जैन, आर व्ही बी जैन, शील चंद जैन, दिनेश कुमार जैन, अखिलेश जैन, तरुण नायक, भागचंद जैन, योगेश जैन, प्रकाश जैन ,प्रदीप दुग्गड, निर्मल कोठारी, मोतीलाल बोरा ,महेंद्र चोपड़ा, प्रकाश वेद, रंजना जैन, साधना जैन रश्मि जैन ,विनीता जैन, रेनू जैन आदि सकल जैन समाज के अधिक से अधिक सदस्यों ने उपस्थित होकर

# प्रदेश सरकार के चार साल पूरे होने के मौके पर 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा छत्तीसगढ़ गौरव दिवस'





» गौठान, धान खरीदी केंद्र, तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र, नगरीय वार्डों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

» कार्यक्रम में दी जाएगी शासन की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रदेश में आगामी 17 दिसंबर को राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जाएगा। सूरजपुर ज़िले में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के तहत सभी कार्यक्रमों का आयोजन बेहतरीन तरीके से करने की तैयारियां सुनिश्चित करने कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

बैठक में उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा जनता के नाम संदेश दिया जाएगा, जिसके प्रसारण के लिए सभी कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर को जिले के सभी गौठानों में प्रातः 11 बजे किसानों, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, जनप्रतिनिधियों, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासियों को आमंत्रित किया जाए एवं शासन की विगत चार वर्षों की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी जाए। इसी प्रकार दोपहर 03 बजे प्राथमिक सहकारी सोसायटी परिसर, धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आमंत्रित कर शासन की कृषि संबंधी प्रमुख योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रचार-प्रसार किया जाए। वन क्षेत्रों में भी प्रातः 11 बजे तेन्दूपत्ता संग्रहण केन्द्रों एवं वनोपज प्रबंधन समिति के कार्यालय स्थलों पर भी किसानों एवं मजदूरों हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाए जाने के संबंध में पहले से मैदानी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने और मुनादी कराने के निर्देश भी दिए है।

# खाद्य मंत्री ने अमटी झरिया में किया 5 मजरा टोलों में विद्युत पहुंचाने भूमिपूजन



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा संस्कृति विभाग के मंत्री श्री अमरजीत भगत गुरुवार को क्षेत्रभ्रमण पर निकले। खाद्य मंत्री ने अमटीझरिया में मुख्यमंत्री मझराटोला विद्युतीकरण के तहत विद्युत विस्तार योजना का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस योजना में लगभग 43 लाख की लागत राशि से 5 मझराटोला में बिजली पहुंचाई जाएगी।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान खाद्यमंत्री ने बतौली विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल चिरगा, हाई स्कूल करदना और हाई स्कूल बोदा में सरस्वती सायकल योजना के वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और छात्राओं को सायकल वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री श्री भगत ने कहा कि छात्राओं को सायकल वितरण किया जा रहा है। बालिकाएं पढेंगी तो समाज आगे बढ़ेगा और जब समाज आगे बढ़ेगा तो खुशियाली आएगा। शिक्षा के विकास के लिये कई कार्य किये जा रहे हैं। गांव के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले जा रहे हैं। जर्जर स्कूलों के मरम्मत के लिए राज्य सरकार के द्वारा 500 करोड़ की राशि जारी की गई है। सभी जगह पानी, बिजली और सड़क की अच्छी व्यवस्था के लिए सरकार विशेष ध्यान दे रही है। महेशपुर कालीपुर से चिरगा होते हुए बतौली रोड स्वीकृत हो गई है। बतौली से करदना कदनई मार्ग भी स्वीकृत हो गया है। सभी तरफ सड़क का जाल बिछ रहा है और विकास का कार्य हो रहा है। श्रम विभाग के द्वारा बच्चे के जन्म से लेकर उसके उच्च शिक्षा तक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सभी लोग आवश्यक रूप से श्रम कार्ड बनवाकर योजना का लाभ उठाएं। किसानों को धान खरीदी में सर्वाधिक दाम दिया जा रहा है। भूमिहीन मजदूर वर्ग के लोगों को 7 हजार रुपये सालाना सहायता राशि प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में एसडीएम श्री रवि राही, कार्यपालन अभियंता श्री आर नागवंशी, तहसीलदार श्रीमती नीलू भगत, जनपद सीईओ श्री श्रीवास्तव, उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के सदस्य श्री अरविंद गुप्ता, श्री तिलक बेहरा, श्री गणेश सोनी, श्री सुरेंद्र चौधरी तथा अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

नि.सू.क्रमांक 13, व.ले.लि./ का.अ./ लोस्वायांखण्ड 2022-23, अम्बिकापुर दिनांक 13/12/2022

**// Notice Inviting Tender (Offline) //**

मुहरबंद निविदायें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में निम्नलिखित सामग्री के प्रदाय करने हेतु निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से प्रपत्र सी, में निविदा (ऑफ्लाईन) आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :-

| S.No | Item of work | Qty. | Probable amount of Contract (In Lacs ) | Earnest money | Cost of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply & Instt. of UV Visible Spectrophotometer & Other Essensial Material for Divisional Water Testing Laboratory, Ambikapur, Under JJM | 01 | 10.24 | Rs. 30720/- | 750/- |
| 2 | Supply & Instt. of Incubator Digital (Bio-Oxygen Demand) for Bacteriological Test. Under JJM | 01 | | | |
| 3 | Supply & Instt. Of Virtical Autoclave Fully Automatic Under JJM | 01 | | | |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र की अंतिम तिथि दिनांक 26/12/2022 (अपरान्ह 5.30 बजे तक) होगी।

जी नंबर-96699/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

लखनपुर दिनांक 6-12-2022

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम-कोंसगा
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक घासी आ0 दसई जाति उरांव निवासी ग्राम कोंसगा के द्वारा एक आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उदयपुर के समक्ष पेश किया गया है कि ग्राम कोंसगा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 794/17 रकबा 0.017 हे0 भूमि का जिसका नक्शा मौके के अनुसार तरमीम नहीं होने से नक्शा मौके के अनुसार सुधार किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 23-12-2022 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार
लखनपुर,सरगुजा



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0.) सूरजपुर, जिला - सूरजपुर, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्रामीण जन ग्राम-लांची को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निखिल कुमार अग्रवाल आ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम सूरजपुर, तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-लांची, प.ह.नं.-17, रा.नि.मं.-सूरजपुर, तहसील-सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र. 76 रकबा 0.090 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त संबंध में ग्राम-लांची के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/12/2022 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/12/2022 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशष कर्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी धौरपुर, जिला -सरगुजा, (छ0ग0)**

03/अ-23/2016-17 रा0प्र0क्रं0

जगमोहन मृत विधिक प्रतिनिधि प्रेमलता
प्रति
राजेन्द्र कुमार व तीन अन्य

**नोटिस/ईश्तहार**

01. मोतीराम आ0 गंगाराम उम्र 65 वर्ष जाति बरगाह। 02. मंगल आ0 बोला जाति उरांव उम्र 60 वर्ष। 03. वि0प0मोस्टरैट डा0 के0पी0योहानात्र आ0के0पुन0 जाति मिरियन ग्राम मस्गा तहसील धौरपुर जिला सरगुजा छ0ग0। आपके नोटिस/ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका द्वारा आपके विरूद्ध रा0प्र0क्रं0 03/अ-27/16-17 पक्षकार प्रेमलता प्रति रामेन्द्र कुमार व अन्य का मामला विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा अनावेदकगणों को उपस्थित हेतु नोटिस प्रस्तुत किया गया था, किन्तु अनावेदकगण को नोटिस तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है, ऐसी स्थित में उपरोक्त अनावेदकगणों को न्यायालय प्रकरण में उपस्थित होने हेतु नोटिस/ईश्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है। अतः आपको इस नोटिस/ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 19.12.2022 को न्यायालयीन समय दिन के 11 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने के दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन कार्यवाही स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी
(रा) धौरपुर जिला
सरगुजा (छ0ग0)

# फाइनल में पहुंचने के साथ ही जीत के जश्न में डूबा फ्रांस

» पेरिस में चैंम्प्स एलिसीस पर फुटबॉलप्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा जिन्होंने आतिशबाजी की और फ्रांस के झंडे लहराये

» चारों तरफ कार के हॉर्न का शोर सुनाई दिया

» शहर भर में दंगा रोकने वाली पुलिस गश्त करती दिखाई दी

**पेरिस, 15 दिसम्बर 2022।** फ्रांस के विश्व कप फाइनल में पहुंचते ही देश भर में फुटबॉल की दीवानगी चरम पर पहुंच गई और हर शहर में जश्न की शुरूआत भी हो गई जबकि टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर फख्र करने वाले मोरक्को के समर्थकों के चेहरों पर मायूसी थी। पेरिस में चैंम्प्स एलिसीस पर फुटबॉलप्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा जिन्होंने आतिशबाजी की और फ्रांस के झंडे लहराये। चारों तरफ कार के हॉर्न का शोर सुनाई दिया। शहर भर में दंगा रोकने वाली पुलिस गश्त करती दिखाई दी। पेरिस के बोलवार्ड्स से लेकर मोरक्को की राजधानी रबात तक,



फ्रांस के नीस से लेकर मोरक्को के मराकेश तक दोनों टीमों के समर्थक बड़ी संख्या में इस मैच को सार्वजनिक स्थलों पर देख रहे थे। मैड्रिड में मैच के बाद सोल स्क्वेयर पर जश्न मनाया गया। कुछ प्रशंसक मोरक्को के लाल रंग में रंगे थे तो कुछ फ्रांस के झंडे के तीन रंगों में। मोरक्को पर 1912 से 1956 के बीच फ्रांस का शासन था जिससे मैच की राजनीतिक और जज्बाती पृष्ठभूमि भी थी। मोरक्को ने अपेक्षा से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हुए ग्रुप चरण में दूसरी रैंक वाली बेल्जियम टीम को हराया और नॉकआउट में स्पेन तथा पुर्तगाल जैसे यूरोपीय दिग्गजों को मात दी। वह विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी।

फ्रांस में रह रहे दोहरी नागरिकता वाले कई प्रशंसकों में दुविधा थी कि इस मैच में किसका समर्थन करें। उन्होंने दोनों टीमों की हौसलाअफजाई कर फैसला किया। मोरक्को में जन्मे फ्रांस की युवा मामलों की जूनियर मंत्री साराह अल हेरी ने कहा ,'' मुझे मोरक्को की टीम पर गर्व है जिसने असाधारण उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही मैं चाहती हूं कि लेस ब्लूज (फ्रांस) विश्व कप दोबारा घर लाये।



## बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में भारत 404 ऑल आउट

**चटगांव ,15 दिसम्बर 2022।** बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को भारत की पहली पारी 404 रन पर सिमट गई.कप्तान केएल राहुल के बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद चेतेश्वर पुजारा (90), श्रेयस अय्यर (86) और रविचंद्रन अश्विन (58) ने अर्धशतक जमाए।बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम और ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने चार-चार विकेट लिए।दो मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट अगले हफ्ते मीरपुर में होना है।

### पिछले साल अनसोल्ड रहे थे ये दिग्गज खिलाड़ी

## मिनी ऑक्शन में दोबारा आजमाएंगे किस्मत

**नई दिल्ली, 15 दिसम्बर 2022।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए मिनी ऑक्शन होने जा रहा है। यह मिनी ऑक्शन 23 दिसंबर को केरल के कोच्चि शहर में होने वाला है। भारतीय समय अनुसार ऑक्शन की शुरुआत दोपहर 2:30 बजे होगी। इस बार के आईपीएल में 87 जगहों के लिए 405 खिलाड़ियों की बोली लगेगी। इसमें कई दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसके अलावा वे खिलाड़ी भी शामिल है जिनकी बोली पिछले आईपीएल में नहीं लग पाई थी। यानी कि वह खिलाड़ी जो पिछले आईपीएल में अनसोल्ड रहे थे, इस बार अपनी किस्मत आजमाएंगे। इस सूची में भारत के दो वरिष्ठ खिलाड़ियों का नाम है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं। इसमें तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और अमित मिश्रा शामिल है।



इसके अलावा कुछ विदेशी खिलाड़ी भी हैं जो पिछले साल बिक नहीं पाए थे। इस बार अपनी किस्मत आजमाएंगे। इसमें बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, लिटन दास, इंग्लैंड के डेविड मलान और आदिल रशीद शामिल हैं। इसके अलावा क्रिस लिन और रिली रोसो का भी नाम सामने आ रहा है। अगर बात करें इशांत शर्मा और अमित मिश्रा की तो इन्होंने अपना बेस प्राइस कम कर लिया है। पिछले सीजन दोनों ही खिलाड़ियों का बेस प्राइस डेढ़ करोड़ रुपए था। लेकिन इस बार दोनों ने अपना बेस प्राइस 50 लाख कर लिया है। वहीं, शाकिब अल हसन ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ ही रखा है जो कि पिछले सीजन भी था। आदिल रशीद का बेस प्राइस 2 करोड़ है और डेविड मलान का डेढ़ करोड़ रुपए है जो कि पिछले सीजन भी था।

क्रिस लिन ने अपना बेस प्राइस पिछले सीजन की तुलना में बढ़ा दिया है। पिछले सीजन में डेढ़ करोड़ रुपए था जो कि अब दो करोड़ रुपए हो गया है। रिली रोसो ने एक करोड़ रुपए पिछले सीजन में अपना बेस प्राइस रखा था लेकिन इस बार उन्होंने 2 करोड़ कर दिया है जबकि लिटन दास का बेस प्राइस 50 लाख रुपए है। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी है जो पिछले सीजन में अनसोल्ड रहे थे लेकिन इस बार भी उन्होंने अपना नाम नहीं दिया है। जिसमें चेतेश्वर पुजारा, स्टीव स्मिथ, एरोन फिंच और मार्नस लाबुशेन जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल है।

## विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की टेस्ट कप्तानी


**वेलिंगटन, 15 दिसम्बर 2022।** न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब टेस्ट कप्तान रहे केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड की टेस्ट कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है । पिछले छह साल में विलियमसन ने अपनी कप्तानी में 40 टेस्ट में रिकॉर्ड 22 जीते , दस गंवाये और आठ ड्रॉ खेले । उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड ने पिछले साल पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती थी । उनकी कप्तानी में जीत का प्रतिशत 55 रहा जबकि कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम की कप्तानी में 44 प्रतिशत और पूर्व कप्तान तथा इंग्लैंड के मौजूदा कोच ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में 35 . 5 प्रतिशत जीत का औसत रहा। तेज गेंदबाज टिम साउदी टीम के नये कप्तान होंगे जबकि 32 वर्ष के विलियमसन विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे । विलियमसन सीमित ओवरों के प्रारूप में कप्तान बने रहेंगे ।



विलियमसन ने कहा , कप्तानी से मैदान के भीतर और बाहर अतिरिक्त कार्यभार रहता है । मुझे लगता है कि कैरियर के इस मुकाम पर यह सही फैसला है ।न्यूजीलैंड क्रिकेट से बातचीत के बाद हमने यह महसूस किया कि अगले दो साल में दो विश्व कप होने हैं और ऐसे में सीमित ओवरों की कप्तानी पर ही फोकस रहना चाहिये । साउदी न्यूजीलैंड के 31वें टेस्ट कप्तान होंगे । उनकी कप्तानी में टीम इस महीने पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट खेलेगी । वह 22 टी20 मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी कर चुके हैं ।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने बतौर कप्तान विलियमसन के योगदान की सराहना करते हुए कहा , केन की कप्तानी में न्यूजीलैंड ने काफी सफलतायें अर्जित की । उसने अपने प्रदर्शन के जरिये मोर्चे से अगुवाई की और टीम को पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में जीत दिलाई । उन्होंने कहा , हमें उम्मीद है कि उसका कार्यभार कम करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे लंबे समय तक खेलते देख सकेंगे ।

## ऑस्ट्रेलिया के 22 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली




**नई दिल्ली ,15 दिसम्बर 2022।** आइपीएल 2023 ऑक्शन के लिए अब कुछ ही दिन बचे हैं। कोच्चि में 23 दिसंबर को होने वाले मिनी ऑक्शन के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी हो चुकी है। इस बार के ऑक्शन में 405 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इससे 132 विदेशी खिलाड़ी और 273 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं।

132 विदेशी खिलाड़ियों में 21 खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया से हैं। इंग्लैंड के 27 साउथ अफ्रीका के 22 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से तीन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों अपना बेस प्राइस दो करोड़ रुपये रखा है। इनमें कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, क्रिस लिन शामिल हैं।

### पांच अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

सूची में ऑस्ट्रेलिया के पांच अनकैप्ड क्रिकेटर शामिल हैं। इनमें लांस मॉरिस, हेडन केर, जैक प्रेस्टविज, पीटर हेट्जोग्लू और नाथन मैकएंड्रू शामिल हैं। मॉरिस को छोड़कर, जिनकी कीमत 30 लाख रुपये है, अन्य की बेस प्राइस 20 लाख रुपये है।

### यहां देखें ऑक्शन में शामिल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की बेस प्राइस

2 करोड़: कैम ग्रीन, ट्रैविस हेड, क्रिस लिन
1.5 करोड़: झाई रिचर्डसन, एडम जम्पा, रिले मेरेडिथ, सीन एबॉट, नाथन कूल्टर-नाइल
1 करोड़: एंड्रयू टाय, मोइसेस हेनरिक्स
75 लाख: डैनियल सैम्स, जोश फिलिप, डीआर्सी शॉर्ट
50 लाख: बेन मैकडरमोट, बेन द्वारसुइस, बिली स्टानलेक
30 लाख: लांस मॉरिस
20 लाख: हेडन केर, जैक प्रेस्टविज, पीटर हैट्ज़ोग्लू, नाथन मैकएंड्रू

ग्रीन और बेन मैकडरमोट के पास आईपीएल का अनुभव नहीं है, जबकि हेड, लिन, झाई रिचर्डसन, एडम जम्पा, मोइसेस हेनरिक्स, जोश फिलिप और डी%आर्सी शॉर्ट को आईपीएल 2022 में मैच खेलने को नहीं मिला। 2022 में, रिले मेरेडिथ और डैनियल सैम्स ने मुंबई इंडियंस के लिए, सीन एबॉट ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए, नाथन कूल्टर-नाइल ने राजस्थान रॉयल्स के लिए, और एंड्रयू टाई ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेला।

## मनोज प्रभाकर ने छोड़ा नेपाल क्रिकेट टीम का कोचिंग पद



**नई दिल्ली ,15 दिसम्बर 2022।** भारत के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी मनोज प्रभाकर ने नेपाल क्रिकेट टीम के कोच पद को छोड़ दिया है। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा की है। ट्वीट में लिखा गया है कि मनोज प्रभाकर ने 15 दिसंबर 2022, तत्काल प्रभाव से नेपाल मेंस क्रिकेट टीम के कोचिंग पद को छोड़ दिया है। हमने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## मिशन मजनू 20 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज




अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने ओटीटी की राह पकड़ ली है। अब मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। फिल्म को अगले साल 20 जनवरी को सीधे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित कर दिया जाएगा। नेटफ्लिक्स ने ट्विटर पर एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की प्रीमियर की तारीख का ऐलान किया है। बता दें कि शांतनु बागची ने फिल्म का निर्देशन किया है। नेटफ्लिक्स ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, एक जांबाज एजेंट की अनसुनी कहानी। मिशन मजनू। 20 जनवरी से देखिए केवल नेटफ्लिक्स पर। इसकी कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। इस जासूसी थ्रिलर फिल्म में सिद्धार्थ रॉ एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं रश्मिका इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना कदम रख रही हैं।

## नुसरत भरूचा ने फैंस को बनाया दीवाना

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस नुसरत सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस में नुसरत भरूचा बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। नुसरत भरूचा ने डीपनेक आउटफिट में बोल्ड और हॉट लग रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ओपन हेयर स्टाइल में कई पोज देती नजर आ रही हैं। बोल्ड और हॉटनेस से भरी नुसरत



भरूचा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही वायरल हो जाती हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा इन तस्वीरों में हुस्न की मलिका नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश अंदाज नुसरत के लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस नुसरत के आउटफिट की तस्वीरों पर फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं। नुसरत के इंस्टाग्राम अकाउंट को 5.1 मिलियन फॉलोवर्स फॉलो करते हैं।



## विजय सेतुपति ने दिखाई अपने ट्रांसफॉर्मेशन की झलक

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति ने अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। सोशल मीडिया पर उनके नए लुक को देखकर फैंस काफी आश्चर्यचकित हैं। विजय ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह सफेद लिबाज में दिखे हैं। वह तस्वीर में मुस्कुराते हुए मिरर सेल्फी क्लिक करते नजर आए हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि अपने नए लुक के लिए विजय ने वजन कम किया है। इस तस्वीर में विजय का शरीर काफी दुबला नजर आ रहा है। फैंस उनके नए लुक पर प्यार बरसा रहे हैं। विजय को आखिरी बार फिल्म डीएसपी में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह राज निदिमोरु और कृष्णा डीके की वेब सीरीज फर्जी में नजर आएंगे। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं। मुंबईकर और श्रीराम राघवन की मैरी क्रिसमस भी विजय के खाते से जुड़ी है।













CMYK

# लोकसभा में उठा छत्तीसगढ़ का मुद्दा

## सांसद संतोष पांडेय ने इस अंदाज में कहा...डोली लूटी राह में सहसा धोखेबाज कहारों से...

» सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में उठाई सट्टे की केंद्रीय जांच की मांग

» बोले महादेव के नाम पर सट्टा जुआ मुख्य मंत्री गृह मंत्री के जिले से संचालित हो रहा है



**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** सांसद संतोष पांडेय ने आज छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टे में राज्य सरकार के अफसरों की संलिप्तता का उल्लेख करते हुए इसकी जांच कोयला घोटाले की तरह केंद्रीय स्तर पर कराने की मांग की। भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने शायराना अंदाज में छत्तीसगढ़ की जनता का दर्द बयां करते हुए कहा कि मांझी छला गया था पहले अपनी ही पतवारों से, राह में सहसा डोली लुट गई धोखेबाज कहारों से..! उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जिन हाथों को सौंपा गया, वे ही छत्तीसगढ़ को लूट रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध, कोयला घोटाला, अवैध शराब बिक्री, सट्टा और जुआ में शासकीय अधिकारियों की संलिप्तता एवं प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने आज लोकसभा में अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईडी ने छत्तीसगढ़ में कोयला में हुए भ्रष्टाचार की जांच की, उसी प्रकार शराब में हो रहे भ्रष्टाचार और महादेव एप जैसे ऑनलाइन सट्टा में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ केंद्र सरकार जांच कराये।

उल्लेखनीय है कि कोयला घोटाले,अवैध वसूली में छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारी और मुख्यमंत्री की डिप्टी सेक्रेटरी सहित अन्य कारोबारी न्यायिक हिरासत में हैं।ईडी ने जांच कर चार्जशीट दाखिल कर दी है और 152.31 करोड़ की संपत्ति अटैच की है। इनमें मुख्यमंत्री की डिप्टी सेक्रेटरी की संपत्तियां भी शामिल हैं।

संतोष पांडे ने कहा रेत, माफिया भू माफिया ,जंग़ल माफिया, छ ग में हत्या आम बात हो गई है, भगवान के नाम पर शंकर जी महादेव के नाम पर सट्टा जुआ मुख्य मंत्री गृह मंत्री के ज़िले से संचालित हो रहा है।



# छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहली बार पेश होगा ई-बजट

## विधायक लैपटाप पर देख सकेंगे बजट की प्रति

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहली बार ई-बजट पेश करने की तैयारी चल रही है। विधायकों को विधानसभा में ही लैपटाप पर बजट की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक विधायकों को बजट की कापी उपलब्ध कराई जाती थी।

### वित्त विभाग ने तैयार किया है एप

ई-बजट के लिए वित्त विभाग की ओर से एक एप तैयार किया जा रहा है, जिसमें बजट से जुड़ी सभी जानकारी विधायकों को उपलब्ध होगी। इसके साथ ही विधानसभा में विधायकों की सीट पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वह आसानी से जानकारी ले सकेंगे। बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने विशेष सत्र में घोषणा की थी कि इस बार ई-बजट पेश किया जाएगा।

### योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी आनलाइन मिलेगी

विधायकों को एप पर ही उनके क्षेत्र के लिए स्वीकृत बजट की जानकारी मिलने के साथ ही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट को भी आनलाइन दिया जाएगा।

किस मद में कितना पैसा आया है, विधायकों के क्षेत्र की पिछली योजनाओं में क्या प्रगति है, कहां रुकी है, इसकी जानकारी भी मिल जाएगी।

# बीजेपी नेता चंदेल कौशिक बोले कांग्रेस का जंगल राज

## नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कांग्रेस गौरव दिवस मना रही है और उसके नेताओं की हत्या हो रही है,यह कैसा गौरव है

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने वीडियो जारी कर बिलासपुर में कांग्रेस नेता व जिला महासचिव संजू त्रिपाठी की हत्या की घोर निंदा करते हुए कांग्रेस राज को गुंडाराज कहा है। बीजेपी नेताओं का कहना है कांग्रेस गौरव दिवस मना रही है और उसके नेताओं की



हत्या हो रही है। यह कैसा गौरव है? यह कांग्रेस का राज है या गुंडाराज है?चंदेल और कौशिक ने संयुक्त बयां दिया है। कहा है कि कांग्रेस नेता पर फिल्मी अंदाज में गोलियों की बौछार कर सरेआम हत्या कांग्रेस के जंगल राज का प्रमाण है। जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में अपराधी बेखौफ होकर जघन्य अपराध कर रहे हैं। राह चलते गोलीबारी कर लोगों को उड़ाया जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि यहां सरकार जैसी कोई संस्था रह ही नहीं गई है। सरकार के नाम पर एक ऐसा ढांचा खड़ा है, जिसमें चेतना, शक्ति और संवेदना नहीं है।

# सीएम ने कहा रेफर सेंटर न बनें अस्पताल

### दवाओं के उपलब्धता की ली जानकारी

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज गुरुवार को महासमुंद जिले के बागबाहरा रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नरवा, गौठान, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क जैसी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना पर चर्चा की और कहा कि जो परिवार छूट गए हैं, उनका सर्वे कराया जाए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों को होनी चाहिए, तभी वे इसका लाभ ले पाएंगे। ष्टरू ने अधिकारियों से जिले में नरवा प्रोजेक्ट की स्थिति की जानकारी ली। इस पर सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि महासमुंद जिले में 54 प्रोजेक्ट हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवा विकास में तेजी से काम करें और इसकी उपयोगिता भी बताएं। उन्होंने दलहन, तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की बात भी कही।

सीएम भूपेश बघेल ने नल-जल योजना के प्रोजेक्ट पूरा होने की



जानकारी ली और कहा कि क्वालिटी में गड़बड़ी नहीं हो। उन्होंने कहा कि गोबर खरीदी नहीं होने की शिकायत मिली है, आगे से ऐसा नहीं होना चाहिए। गोबर की खरीदी नियमित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौठान में वर्मी कम्पोस्ट में मिट्टी मिलने की शिकायत है, इसे दूर करें। खाद में मिट्टी की शिकायत नहीं आनी चाहिए, गुणवत्ता से समझौता नहीं करें। मुख्यमंत्री के पूछने पर ऑनलाइन रिपोर्ट में दैनिक खरीदी की जानकारी सीईओ ने दी।

मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि पैरा नहीं जलाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को पैरा जलने से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं। उन्होंने पैरादान अभियान की जानकारी भी ली। उन्होंने गांजे और अवैध शराब की शिकायत मिलने की बात बताते हुए पुलिस को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। एग्रीकल्चर में नकली दवा मिलने की शिकायत पर जांच के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी हॉस्पिटल को रेफर सेंटर न बनाएं। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली। ग्राम चुरकी में पानी में फ्लोराइड की शिकायत के समाधान करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को टीचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान जर्जर भवन की भी शिकायत मिली है। उन्होंने फंड रिलीज करने के भी निर्देश दिए। ष्टरू भूपेश ने कहा कि कर्मचारियों की शिकायत नहीं आनी चाहिए। स्थानांतरित कर्मचारियों को रिलीव ना करने की शिकायत आई है, इसे दूर करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी से निभाएं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बागबाहरा रेस्ट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि न्याय योजना का लाभ सभी को मिल रहा है। लोगों को योजनाओं का लाभ मिलने से राहत मिली है। सरकारी योजनाओं के बारे में पत्रकारों को बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष धान खरीदी में एक करोड़ दस लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि हमने मिलेट्स प्लांट की शुरुआत की, जिसका लाभ उत्पादकों के साथ स्थानीय लोगों को भी मिल रहा है। इससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। सभी जिलों में लोग कह रहे हैं कि गौठानो के कारण पलायन रुका है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। हाट बाजार, स्लम स्वास्थ्य जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। बिजली बिल हाफ योजना का 42 लाख लोग फायदा ले रहे हैं। हम दलहन फसल को समर्थन मूल्य पर खरीद रहे हैं।

# सड्डू से लापता हुई बच्ची का शव मिला

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र के पास सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लापता 8 वर्षीय बालिका की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पड़ोसी ने दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या कर दी थी। इसके बाद बच्ची के शव को कॉलोनी के ही पीछे मैदान में फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया है।



बीते बुधवार 7 दिसम्बर को बीएसयूपी कॉलोनी से 8 वर्षीय बालिका बहन के साथ खेल रही थी। कुछ देर बाद जब परिजन उसे देखने निकले तो वो गायब थी। इसके बाद आसपास के घरों में परिजनों ने काफी तलाश की। तलाशी के बाद बजी जब बालिका नहीं मिली तो परिजनों ने इसकी शिकायत विधानसभा थाने में दर्ज कराई।

शिकायत के बाद से ही पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी। वहीं मंगलवार की रात 10 बजे के करीब बीएसयूपी कॉलोनी से लगे एक खाली मैदान में बच्ची का शव मिला। घटना की सूचना के बाद मौके पर शहर एएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए है। पुलिस ने मामले की जाँच के बाद इस मामले में 14 वर्षीय आरोपी को पकड़ा गया। पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी।

### आरोपी को सीन ऑफ क्राइम के लिए घटनास्थल ले जाना पड़ा महंगा,

#### नाराज लोगों ने आरोपी के साथ ही पुलिस पार्टी पर किया हमला

सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 8 साल की बच्ची से रेप और मर्डर करने के आरोपी नाबालिग को लेकर जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो सीन ऑफ़ क्राइम के दौरान लोगों ने आरोपी के ऊपर हमला कर दिया, इस दौरान बीच-बचाव कर रही पुलिस पार्टी के ऊपर भी यहां के लोगों ने हमले की कोशिश की। किसी तरह आरोपी को बचाकर पुलिस वहां से लेकर थाने पहुंची।

दरअसल यहां के लोग घटना के खुलासे के बाद से ही आक्रोश जताते हुए आरोपी के परिवार को कॉलोनी से हटाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच पुलिस की टीम बीएसयूपी कॉलोनी में सीन ऑफ क्राइम के दौरान आरोपी के साथ उसके घर की तलाशी लेने पहुंच गई। यहां सड्डू कॉलोनी निवासी आक्रोशित महिला-पुरुषों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। लोगों ने पुलिस पार्टी की गाड़ी के आगे बाइक गिराकर रास्ता रोका। पुलिस ने किसी तरह आरोपी को हमले से बचाया और वहां में लेकर यहां से निकल गई।

# कांग्रेस के जन घोषणा पत्र को लेकर आज राजभवन जायेंगे भाजपाई

## जन घोषणा पत्र में एससी के 16 प्रतिशत आरक्षण के वादे से मुकरने के विरोध में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने जाएगी भाजपा एससी मोर्चा

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय व वरिष्ठ नेता विधायक पुन्नूलाल मोहिले के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा जो छलपूर्वक दूषित भाव से अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत आरक्षण को घटाकर 13 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है व विधानसभा में पास कर अनुशंसा के लिए राजभवन भेजा है उसके खिलाफ राज्यपाल से मिलेगी।




कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में एससी को 16प्रतिशत आरक्षण के वादे किए व अब वह इससे मुकर रही है। जिसके विरोध में दिनांक 16 दिसंबर दोपहर 2 बजे घड़ी चौक भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के समीप एकत्रित होकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने जायेगी।







# तहसीलदार ने कांग्रेस नेता पर किया हमला,गुस्साए कांग्रेसियों ने किया चक्का जाम

**रायगढ़,15 दिसंबर 2022(ए)।** नए जिले सारंगढ़ बिलाईगढ के बरमकेला ब्लॉक के तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत ने कांग्रेस नेता नीलांबर नायक पर हमला कर दिया। इस हमले में नायक के सर और चेहरे पर गंभीर चोटें आयी हैं।

बताया जा रहा है कि नीलांबर नायक की बरमकेला में दुकान है, जहां तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत पहुंचे। यहां उनका किसी बात को लेकर नीलांबर नायक हो गया। लोगों के मुताबिक अनंत पहले तो वापस चले गए, मगर बाद में वे फिर नीलांबर नायक की दुकान पर पहुंचे और उसके ऊपर डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में घायल नीलांबर नायक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती किया गया।

### सड़क पर लगाया जाम

इस घटना से गुस्साए युवा कांग्रेसियों ने बरमकेला के जनपद पंचायत के सामने चक्का जाम कर दिया। वहीं इस मामले में कांग्रेस नेता और रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने थाने का घेराव किया है। बताया जा रहा है कि हमला करने वाले तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत भी थाने के अंदर मौजूद हैं। वहीं तहसीलदार के विरोध में तमाम कांग्रेसी नेता थाना के सामने मौजूद होकर नारे लगा रहे हैं।

# सियासी जुबानी जंग के बीच आज सुप्रीम कोर्ट में अर्जेंट सुनवाई

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** सीएम भूपेश बघेल समेत तीन मंत्रियों ने राजभवन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राज्यपाल अनुसुइया उईके इन सबसे अलग सरकार से यही कहती रहीं है कि वह आंखें बंद कर संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी। ऐसे में 15 दिनों से 76 प्रतिशत आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाज़ियों के बीच मामला सुप्रीम कोर्ट के पाले में चला गया है। कल शुक्रवार को इस पर पहली सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण विवाद को लेकर एक याचिका पर अर्जेंट हियरिंग मंजूर की है। सामाजिक कार्यकर्ता बीके मनीष ने यह याचिका दायर की थी।



राज्यपाल मुख्य सचिव, सचिव जीएडी और एक अन्य सचिव के डी कुंजाम, से भी प्रावधानों के असर को समझने का प्रयास करते रहीं। उइके एक ही बात पर जोर देते रहीं कि उनकी मंजूरी के बाद नये आरक्षण को किसी भी कोर्ट में चुनौती नहीं दिया जा सके। उन्होंने बुधवार को सरकार को पत्र लिखकर 10 प्रश्नों का जवाब भी मांगा है। लेकिन राज्यपाल सुश्री उइके को उनके प्रश्नों का जवाब नहीं मिल पाया है। ऐसे में आरक्षण विधेयक प् सूबे की सियासत गरमा गई है और सुप्रीम कोर्ट में अर्जेन्ट हियरिंग मंजूरी से जल्द ही सब कुछ स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है कि अपराधी अगले मर्डर के लिए पुलिस को चैलेंज देने लगे हैं: बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर ,15 दिसंबर 2022(ए)।** प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल कांग्रेस सरकार पर बरसते हुए नजर आए, उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में लगातार अपराध का ग्राफ आसमान की उचाईयों को छू रहा है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि आये दिन 5 से 10 अपराध केवल राजधानी में ही देखने को मिल जाते हैं।



पूर्व मंत्री ने कहा कि बिलासपुर के सकरी में दिन दहाड़े कांग्रेसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायधानी में हुई कांग्रेस नेता की हत्या ने सरकार के मुँह पर कालिख पोत दी है। कांग्रेस के राज में कांग्रेस के नेता ही सुरक्षित नहीं है, तो जनता का भगवान ही मालिक है।

उन्होंने कहा कि सड्डू स्थित बीएसयूपी कालोनी में रहने वाली आठ साल की बच्ची को मारकर फेंक दिया जाता है। उसकी लाश मिलने से कॉलोनी ही नहीं बल्कि पूरे रायपुर में रहने वाले लोग दहशत में हैं। बेमेतरा जिले में को दो अलग- अलग जगहों पर दो लोगों की लाशें मिलती है। साथ ही हत्यारे ने अगले मर्डर की तारीख़ लिखकर पूरे शासन-प्रशासन को चुनौती दी। हत्यारे का यह पत्र भूपेश सरकार के मुंह पर तमाचा है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते अपराध ने गुंडे, बदमाश और माफियाओं के हौसले बुलंद कर दिए हैं। यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। अपराधी एक के बाद एक घटना को अंजाम देते जा रहे हैं, सरकार तमाशबीन बन बैठी है। यह कांग्रेस के जंगलराज को साफ जाहिर करता है। भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक नए अपराध को गढ़ने का काम किया है। साथ ही मुख्यमंत्री जी अपराधियों से भेंट-मुलाकात कर उन्हें संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। इसके सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)